धनबाद, बुधवार 08.05.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-76 पृष्ठ- 12
वैशाख कृष्ण पक्ष-15
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक
# बिहार ऑबजर्वर



# तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों पर 64% मतदान

## असम में सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत, महाराष्ट्र में सबसे कम 53.40 प्रतिशत, बिहार-छत्तीसगढ़ में 3 की मौत, मप्र के मुरैना, शिवपुरी, राजगढ़, बैतूल, रायसेन समेत कुछ जिलों से मतदान का बहिष्कार ✪ दिग्गजों का भविष्य ईवीएम में बंद ✪ भिंड में फर्जी मतदान की बात पर दो पक्ष भिड़े; चंबल में दबंगों ने फूंका दलित का घर

**नई दिल्ली (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को ११ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ९३ संसदीय क्षेत्रों में मतदान संपन्न हुआ। चुनाव आयोग के मुताबिक, ६४.०८ प्रतिशत लोगों ने वोट डाले। असम में सबसे ज्यादा ७५ प्रतिशत, सबसे कम महाराष्ट्र में ५३ प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। सबसे ज्यादा असम में ७५ प्रतिशत और सबसे कम महाराष्ट्र में ५३.४० प्रतिशत वोटिंग हुई।







इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा के प्रहलाद जोशी, बसवराज बोम्मई सहित कई दिग्गजों का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में बंद हो गया है।

वोटिंग के दौरान कई जगहों पर छिटपुट घटनाएं सामने आईं। कुछ जगहों पर लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार भी किया। बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और भाजपा समर्थक के बीच झड़प हुई है।

यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए।

**आधी से अधिक सीटों पर मतदान संपन्न**

पहले तीन चरण में २८० से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों यानी लोकसभा की कुल सीटों में से आधी से अधिक पर मतदान संपन्न हो गया है। बाकी बचे चार चरणों में २६३ संसदीय क्षेत्रों के लिए वोट डाले जाएंगे। गुजरात (२५ सीट, क्योंकि सूरत सीट भाजपा निर्विरोध जीत चुकी है) और गोवा (२ सीट) समेत केंद्र शासित प्रदेशों दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव (१-१ सीट) में एक ही चरण में मतदान पूरा हुआ।

तीसरे चरण में मतदान वाली अन्य सीटों में असम की ४, बिहार की ५, छत्तीसगढ़ की ७, मध्य प्रदेश की ८, महाराष्ट्र की ११, उत्तर प्रदेश की १० और पश्चिम बंगाल की ४ सीटें शामिल हैं। इस चरण में ध्यान देने योग्य प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में गुजरात की गांधीनगर सीट और महाराष्ट्र की बारामती सीटें शामिल हैं। गांधीनगर से गृह मंत्री अमित शाह के सामने कांग्रेस की सोनल रमनभाई पटेल चुनाव लड़ रही हैं; और बारामती से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले अपने चचेरे भाई अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से मुकाबला कर रही हैं। तीसरे चरण में अन्य हॉट सीटें मप्र की विदिशा और गुना हैं। विदिशा से भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को टिकट दिया है। उनके सामने कांग्रेस उम्मीदवार भानु प्रताप शर्मा होंगे। वहीं गुना से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा के प्रत्याशी हैं।

कांग्रेस ने यहां से राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है। इसके अलावा, कर्नाटक में धारवाड़ (भाजपा के प्रल्हाद जोशी बनाम कांग्रेस के विनोद आसुती), हावेरी (भाजपा के बसवराज बोम्मई बनाम कांग्रेस के आनंद स्वामी गद्दादेवरमथ) और असम में धुबरी (एनडीए के बदरुद्दीन अजमल बनाम भारत के रकीबुल हसन) भी ध्यान देने योग्य कुछ सीटें हैं। ▶▶ 4

# मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव कुमार लाल और उसके नौकर जहांगीर से ईडी आज से करेगी पूछताछ, 6 दिनों की रिमांड मिली

**रांची (ससे):** ईडी की सोमवार को छापेमारी और नक़दी बरामदगी के बाद मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव कुमार लाल और उसके नौकर जहांगीर को मंगलवार को कोर्ट मे पेश किया गया। ईडी ने मामले मे पूछताछ के लिए आरोपियों की दस दिनों के रिमांड मांगी जिसपर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को छह दिनों के रिमांड पर ईडी को सौंपने की अनुमति दी। अब ईडी इन दोनों से तेरह मई तक पूछताछ करेगी। फिलहाल दोनों को जेल भेजा गया है बुधवार को ईडी पूछताछ के लिए इन्हें अपने कब्जे में लेगी।



### ईडी ने मंगलवार को भी कई ठिकानों पर छापेमारी की

**रांची (ससे):** मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसके नौकर के ठिकानों पर छापेमारी के दूसरे दिन भी मंगलवार को ईडी की टीम ने कई नए ठिकानों पर छापेमारी की। गौरतलब है कि सोमवार को हुए ईडी की रेड में लगभग ३५ करोड़ रुपये बरामद होने की बात कही जा रही है। इस मामले में मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसके नौकर को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इधर, मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे से ईडी ने पांच नए ठिकानों पर एक साथ रेड शुरू की। रांची के सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ साथ रांची के रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डरों के यहां रेड पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार राजीव कुमार सिंह के पास से १.५ करोड़ रुपए बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि उसके माध्यम से १० करोड़ रुपए से अधिक की नकदी का लेन-देन हुआ है।

# पतंजलि केस में विवादित बयान पर आईएमए प्रेसिडेंट को नोटिस, 14 मई तक जवाब मांगा

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सेलिब्रिटी भी भ्रामक विज्ञापन के लिए जिम्मेदार

**नई दिल्ली (ईएमएस):** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पतंजलि भ्रामक विज्ञापन के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- अगर लोगों को प्रभावित करने वाले किसी प्रोडक्ट या सर्विस का विज्ञापन भ्रामक पाया जाता है तो सेलिब्रिटीज और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स भी समान रूप से जिम्मेदार हैं।

सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड



वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने ये सुनवाई की।

**ब्रॉडकास्टर्स को सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म दाखिल करना होगा**

अदालत ने कहा कि ब्रॉडकास्टर्स को कोई भी विज्ञापन दिखाने से पहले एक सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म दाखिल करना होगा, जिसमें कहा जाएगा कि विज्ञापन नियमों का अनुपालन करते हैं। अदालत ने कहा कि टीवी ब्रॉडकास्टर्स ब्रॉडकास्ट सर्विस पोर्टल पर घोषणा अपलोड कर सकते हैं और आदेश दिया कि प्रिंट मीडिया के लिए चार हफ्ते के भीतर एक पोर्टल स्थापित किया जाए। कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों से जुड़ी २०२२ की गाइडलाइन का भी ▶▶ 4

# बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला: सुप्रीम कोर्ट की हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

**नई दिल्ली (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई।

**25000 शिक्षकों की नियुक्तियां नहीं होंगी रद्द**



इसमें शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। यानी २५००० की नियुक्तियां रद्द नहीं होंगी। शिक्षकों सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि सीबीआई अपनी जांच जारी रखे, लेकिन कर्मचारी-उम्मीदवारों पर कोई एक्शन न ले। इससे पहले सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मामले को व्यवस्थागत धोखाधड़ी बताया। कोर्ट ने कहा कि आज नौकरियों की कमी है। अगर जनता का भरोसा चला गया तो कुछ नहीं बचेगा।

कोर्ट ने फटकार लगाते हुए यह भी कहा कि राज्य सरकार के पास यह दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है कि डेटा उसके अधिकारियों ने मेनटेन किया था और इसकी उपलब्धता के बारे ▶▶ 4

# पश्चिम बंगाल में बारिश से 12 लोगों की मौत

**कोलकाता (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही भारी बारिश से अब तक १२ लोगों की मौत हो चुकी है। सीएम ने सोशल मीडिया पर दुख व्यक्त करते हुए बताया कि बिजली गिरने से पूर्व बर्धमान में ५ और पश्चिम मेदिनीपुर और पुरुलिया में २-२ लोगों की मौत हो गई। वहीं नादिया में दीवार ढहने से २ और साउथ २४ परगना में पेड़ गिरने से १ शख्स की मौत हो गई। मौसम विभाग ने १० मई तक राज्य में इसी तरह आंधी-तूफान की आशंका जताई है। ममता बनर्जी ने मृतकों के परिजनों के प्रति



संवेदना जताते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग पीड़ितों के परिवार को राहत और मुआवजा राशि देगा। पिछले कुछ दिनों ▶▶ 4

# कश्मीर के कुलगाम में 2 आतंकी ढेर

## लश्कर कमांडर बासित डार के मारे जाने की खबर फायरिंग से घर में आग लगी, इसी में आतंकी छिपे थे

**श्रीनगर (ईएमएस):** जम्मू कश्मीर के कुलगाम में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने २ आतंकवादी को मार गिराया। अभी भी एनकाउंटर जारी है। ऑपरेशन पूरा होने के बाद मारे गए आतंकवादियों की पहचान की जाएगी।

एनकाउंटर में लश्कर के टॉप कमांडर बासित डार के मारे जाने की खबर हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने उस घर में ब्लॉस्ट किया, जहां आतंकी छिपे थे। इससे घर में आग लग गई। मारे गए दोनों आतंकियों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

अधिकारियों का कहना है कि उन्हें रेडवानी पाईन इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सोमवार देर रात तलाशी अभियान शुरू किया था, जो मुठभेड़ में बदल गया। यहां लश्कर के सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के टॉप कमांडर बासित डार के फंसे होने का शक था। बासित डार पर १० लाख रुपए का इनाम घोषित है। वह कश्मीर में कई गैर स्थानीय और अन्य लोगों की हत्या में शामिल रहा है।

# हमें 400 सीटें चाहिए ताकि मैं कांग्रेस-इंडी की हर साजिश को रोक सकूं:पीएम

**खरगोन, धार (ईएमएस):** एमपी के धार की सभा में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस बाबा साहब अंबेडकर से नफरत करती है। कांग्रेस ने उनकी पीठ में छुरा घोंपने का काम किया है। पीएम मोदी ने कहा- हार की हताशा में आजकल कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग एक नई अफवाह उड़ा रहे हैं। ये कहते हैं कि मोदी को ४०० सीटें मिल गई तो वो संविधान बदल देगा। प्रधानमंत्री ने कहा- मोदी को ४०० सीटें चाहिए ताकि मैं कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक सकूं।



इससे पहले उन्होंने खरगोन में कहा- कांग्रेस को लेकर कहा कि उनके ही लोग जो कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं। वो कांग्रेस के खतरनाक इरादे बता रहे हैं। मोदी ने कहा- एक नेता ने बताया कांग्रेस पर मुस्लिम लीग और माओवादियों ने कब्जा कर लिया है। एक ने कहा कांग्रेस के शहजादे का इरादा राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ▶▶ 4

# झामुमो ने विधायक चमरा लिंडा को किया निलंबित

**रांची (ससे):** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय नामांकन करने वाले पार्टी विधायक चमरा लिंडा को सभी पदों से पद मुक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता से निलंबित कर दिया है।

पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडे के हस्ताक्षर से मंगलवार को विधायक चमरा लिंडा को लिखे पत्र में कहा गया है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में आपके द्वारा लोहरदगा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन कर गठबंधन धर्म के विपरीत कार्य



किया गया है। ऐसी स्थिति में झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश अनुसार आपको पार्टी के सभी पदों से पद मुक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता से निलंबित किया जाता है। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन के तहत लोहरदगा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस के कोटे में गई है और वहां से कांग्रेस के सुखदेव भगत चुनाव लड़ रहे हैं।

उन्होंने नामांकन भी कर दिया है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक चमरा लिंडा ने भी बगावती तेवर दिखाते हुए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से पर्चा दाखिल किया है।

पार्टी ने उनके इस कदम को अनुशासनहीनता मानते हुए उनपर यह कार्रवाई की है।

# निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर ने कीटनाशक पीया, हालत गंभीर

### महंत ने लगाया महामंडलेश्वर बनवाने के लिए 7.50 लाख लेने का आरोप

**उज्जैन (ईएमएस):** उज्जैन में निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर मंदाकिनी ने मंगलवार को कीटनाशक पीकर सुसाइड की कोशिश की। उन्हें गंभीर हालत में उज्जैन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके खिलाफ सोमवार रात महामंडलेश्वर बनवाने के लिए ७.५० लाख रुपए की धोखाधड़ी का दर्ज किया गया था। इसके बाद अखाड़े से निष्कासित भी कर दिया।



दरअसल, निरंजनी अखाड़े के महंत सुरेश्वरानंद पुरी महाराज ने चिमनगंज थाने में शिकायत की। इसमें बताया, 'महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी उर्फ ममता जोशी ने श्रीपंचायती निरंजनी अखाड़े में उन्हें महामंडलेश्वर की उपाधि दिलवाने का लालच दिया था। इसके ऐवज में १५ अप्रैल २०२४ को मंदाकिनी को साढ़े सात लाख भी दिए थे। अखाड़े के मुख्यालय में संपर्क किया, तो बताया गया कि रुपए लेकर उपाधि नहीं दी जाती। इसके बाद सुरेश्वरानंद ने रुपए वापस मांगे। महामंडलेश्वर मंदाकिनी ने रुपए देने से इंकार कर दिया।' इसके बाद पुलिस ने सोमवार देर रात महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी समेत दो लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया।

# मतदान करने अमेरिका से गुजरात आई युवती, टिकट पर खर्च किए 3 लाख रुपए

**बनासकांठा (ईएमएस):** चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए निर्वाचन आयोग समेत विभिन्न संगठन जागृति अभियान चलाते हैं। चुनाव के दिन मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें, इसके लिए सार्वजनिक अवकाश का ऐलान भी किया जाता है। बावजूद इसके कई मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग नहीं करते। ऐसे मतदाताओं को अमेरिका से केवल वोट डालने आई युवती से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने एक वोट की अहमित को समझते हुए युवती अमेरिका से गुजरात आई। टिकट पर तीन लाख रुपए खर्च करके युवती केवल वोट डालने के लिए गुजरात आई है। बनासकांठा जिले के डीसा की मूल निवासी युवती ने आज सुबह शहर की नगर प्राथमिक स्कूल में अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान करने अमेरिका से आई इस युवती का पहले पोलिंग बूथ पर स्वागत किया गया।

# डीसी के निर्देश पर 2 लाख रुपए जांच के दौरान पकड़ा गया

## दंडाधिकारी ने जब्त रुपयों को वरवड्डा थाना को सौंपा

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर आज चुनाव में धन का दुरूपयोग रोकने के लिए गठित एसएसटी टीम के दंडाधिकारी अमर कुमार तिवारी ने चेकपोस्ट किसान चौक वरवड्डा में जांच के दौरान बाईक नं. जेएच-१०-सीएल-८८६३ के डिक्की से जांच के



दौरान ५०-५० हजार के चार



नोटों का बंडल जिसकी संख्या २ लाख है। कंचन पांडेय जो पंडुकी वरवड्डा थाने के रहने वाले हैं।

चुनाव आचार संहित उल्लंघन की आशंका में २ लाख रुपया जब्त किया गया।

दंडाधिकारी श्री तिवारी ने वरवड्डा थाना प्रभारी को लिखित सूचना देते हुए पुलिस सुरक्षा में रखने का आदेश दिया है।

# गिरिडीह में आईआरबी जवानों से भरी बस पलटी, एक की मौत



**धनबाद/गिरिडीह (कासं) :** बगोदर थाना क्षेत्र झरी पुल घाघरा कॉलेज के समीप मंगलवार की दोपहर आईआरबी जवानों से भरी बस असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसमें एक जवान की मौके पर ही मौत हो गयी। वही करीब १० जवान घायल हो गए हैं। मृतक जवान की पहचान विकाश भगत के रूप में की गई है।

सभी आईआरबी के जवान है जो गिरिडीह से गढ़वा जा रहे थे, इसी दौरान बस असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस बाबत बताया जाता है कि शिखर ट्रेवल्स नामक बस जो कि जीटी रोड डुमरी की तरफ से बगोदर आ रही थी। तभी बस का चालक एक बाइक को बचाने के क्रम में असंतुलित होकर डिवाइडर में चढ़ गयी और बस का टायर फटने से सीधे सड़क पर जाकर पलट गयी। इस घटना में बस में सवार एक पुलिस जवान की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं बस में सवार १२ जवान घायल हो गए।

इस घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गयी और घायल जवानों को इलाज के लिए स्थानीय लोग और बगोदर पुलिस के सहयोग से बगोदर ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां घायलों में चार जवानों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रांची रिम्स भेजा गया। अन्य मामूली रूप से घायल जवानों का इलाज बगोदर अस्पताल में किया जा रहा है।

इधर घटना की सूचना मिलने के बाद गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा बगोदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। साथ ही गभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेजने में सहयोग किया। बताया जाता हैं कि बस में कुल ४० जवान सवार थे। इधर घटना को लेकर बगोदर अस्पताल में घायल जवानों को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी हुई थी।

# व्यय प्रेक्षक ने की एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के साथ बैठक




**धनबाद (कासं) :** व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव के दौरान उनके दायित्व को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि एसएसटी टीम हर शिफ्ट में जांच की वीडियो रिकॉर्डिंग कराएगी। प्रतिदिन की वीडियो रिकॉर्डिंग जिला प्रशासन के पास जमा कराएगी।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल, उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, व्यय कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह स्टेट जीएसटी उपायुक्त गालिब अंसारी, सहायक आयुक्त जीएसटी ध्रुव नारायण राय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**धनबाद (कासं) :** सामान्य प्रेक्षक श्री अनूप खिनची ने मंगलवार को धनबाद विधानसभा के वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने जोनल ट्रेनिंग स्कूल भूली में मतदान केंद्र संख्या ७८, ७९, ८०, ८२ तथा ८३ का निरीक्षण किया। इसके बाद वासेपुर स्थित धनबाद सिटी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या ५६, ५७, वासेपुर कमर मखदूमी रोड स्थित उर्दू प्राइमरी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या ८७, ८८ का निरीक्षण किया।

साथ ही उन्होंने मटकुरिया स्थित अपग्रेडेड मिडिल स्कूल में मतदान केंद्र संख्या ७१, ७२ व ७३ का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित बूथ के बीएलओ, सुपरवाइजर को सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने तथा अन्य आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची के साथ जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा भी मौजूद थे।

# रक्तदान शिविर सह रक्तदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद (कासं) :** मधुमिता एडू मेड फाउंडेशन के संस्थापक गोपाल भट्टाचार्य की पत्नी स्व. मधुमिता भट्टाचार्य के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को गीताश्री भवन हीरापुर धनबाद में मेगा रक्तदान शिविर सह रक्तदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक द्वारा कुल मिलाकर ९० यूनिट रक्त एकत्र किया गया। धनबाद के विधायक राज सिन्हा और सीआईएसएफ के डीआइजी विनय काजला की पत्नी सुमन काजला और कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा ने भी रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रेरित करने के लिए पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक झरिया और विनय काजला डीआइजी सीआईएसएफ उपस्थित थे।

आज के शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान किया। आज कुल ३० महिलाओं ने रक्तदान किया। १० युवा लड़के और लड़कियों ने पहली बार रक्तदान किया और वे बहुत उत्साहित थे। हम आज के शिविर के सभी दानदाताओं को धन्यवाद देना चाहते हैं। हम उन सभी मीडियाकर्मियों और सभी प्रेरकों के आभारी हैं जिन्होंने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया है। रक्तदान करें और जीवन बचाएं।

## डिनोबली स्कूल मुगमा की छात्रा वाणी बनी स्कूल टॉपर

**निरसा (ससे) :** डिनोबली स्कूल मुगमा की छात्रा वाणी अर्पिता चौबे ने मैट्रिक की परीक्षा में ९८.२ प्रतिशत नं. लाकर स्कूल की टॉपर बनी। परीक्षा का परिणाम आते ही घर में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अर्पिता निरसा कांटा के आलोक चौबे (पिता) एवं वंदना चौबे (माता) की छोटी बेटी है। अर्पित दो बहन एवं एक भाई में सबसे छोटी है। बड़ी बहन मेडिकल की पढ़ाई कर रही है जबकि भाई इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। पिता आलोक चौबे एक हार्डवेयर का दुकान चलाते हैं जबकि माता वंदना चौबे कुशल गृहणी है। अर्पित बचपन से ही पढ़ने में कुशाग्र बुद्धि की रही है। अर्पित पर घर के शिक्षित माहौल का बखूबी असर पड़ा है। अर्पिता के कुशाग्र बुद्धि का परिचय इस बात से ही समझा जा सकता है कि इसी उम्र में वह १० भाषा की जानकारी रखती है। वह हमेशा अपने वर्ग में अव्वल रही है। नई चीज सीखने की ललक उसमें बचपन से ही रही है। अर्पित के अनुसार वह आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहती है। उसका कहना है स्कूल शिक्षक सुमित के मार्गदर्शन में तैयारी की और सफल रही। अर्पित हिंदी अंग्रेजी सहित विश्व के १० भाषा बोल लेती है। सफलता का श्रेय अपने मातापिता के साथ स्कूल के गुरु को देती है । उसके इस सफलता से न केवल स्कूल बल्कि निरसा का नाम रौशन किया है।

# बड़े बाप के बिगडैल़ बेटों का आतंक धनबाद की सड़कों पर सिर चढ़कर बोलता है

**धनबाद (कासं) :** बड़े बाप के बिगडैल़ बेटों का आतंक धनबाद की सड़कों पर सिर चढ़कर बोलता है। यह आतंक दिन में भी होता है और रात में भी। इसी आतंक ने एक शिक्षक परिवार को पूरी तरह से तोड़ दिया है।

सड़क पर स्टंट शिक्षक परिवार पर भारी पड़ गया। शिक्षक की दो बेटियां काल की गाल में समा गई। सवाल उठता है कि बड़े बाप के बिगडैल़ बेटों का सड़क पर स्टंट आगे भी जारी रहेगा या इस घटना के बाद नियंत्रित होगा। स्टंट करने के चक्कर में अनियंत्रित स्कॉर्पियो दूसरे लेन में जाकर स्कूटी सवार बहनों को बुरी तरह से कुचल दिया। एक की तो घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी अस्पताल जाकर मर गई। इस घटना ने धनबाद को झकझोर कर रख दिया है। स्कॉर्पियो से लोगों ने दो लड़कों को बाहर निकाला। दोनों लड़के देखने से नाबालिक लग रहे है। फिर सवाल उठता है कि क्या उनका यह पहला स्टंट था या पहले भी करते थे।

सगी बहनों को क्या मालूम था कि सोमवार उनकी जिंदगी का अंतिम दिन होगा। बड़ी बहन तो ख़ुशीख़ुशी स्कूल से छोटी बहन को लाने गई थी, लेकिन काल ने उन्हें रस्ते में ही निगल लिया। उनकी मौत इस तरह होगी, स्कॉर्पियो उनकी मौत का कारण बनेगी, यह तो दोनों बहनें नहीं जानती थी, लेकिन हुआ यही सब. जिसने भी दुर्घटना स्थल पर पहुंचे , उनका कलेजा मुंह को आ गया। आंखों में आंसू छलक पड़े. धनबाद में मेमको मोड़, बिनोद बिहारी चौक रोड पर असर्फी अस्पताल के पास सोमवार की दोपहर करीब एक ऐसी हृदय विदारक दुर्घटना हुई, जिसमें २ सगी बहनों की मौत हो गई। एक की मौत तो घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि दूसरे के शरीर का एक हाथ कट कर रोड पर गिर गया था। लोग उसे तुरंत अस्पताल लेकर गए, लेकिन वह बचाई नहीं जा सकी।

## लोकसभा चुनाव को ले बैठक

**बलियापुर (ससे) :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, आरएसएस, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी, वनवासी कल्याण केन्द्र एकल विद्यालय आचार्य जनजागरण अभियान के तहत बैठक की गई। प्रखंड संयोजक शैलेन मंडल, सह संयोजक सुदाम कुंभकार, कौशल कुमार सिंह, शंकुतला मिश्रा, रामनारायण महतो, सोनाराम महतो, नीरज अग्रवाल, मोहन आदि मौजूद थे।

# प्रकाश मिश्रा को दी गयी श्रद्धांजलि



**धनबाद/गोविंदपुर (कासं) :** मंगलवार को प्रखण्ड साक्षरता कार्यालय गोविंदपुर में जिला नव साक्षरता समिति धनबाद प्रखंड इकाई गोविंदपुर व ज्ञान-विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा नव भारत साक्षरता समिति गोविंदपुर के प्रखण्ड समन्वयक स्व. प्रकाश मिश्रा का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्यरूप से संस्थापक सचिव जिला साक्षरता वाहिनी धनबाद सह भारत ज्ञानविज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. काशी नाथ चटर्जी मौजूद थे व संचालन संचालन रामचंद्र सिंह द्वारा संचालन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पुष्प अर्पित करने के पश्चात एक मिनट का मौन रखा गया।

श्रद्धांजलि सभा में अपने विचार रखते हुए भारत ज्ञान-विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. काशी नाथ चटर्जी द्वारा दुःख प्रकट करते हुए कहें की स्व. प्रकाश मिश्रा जी का कम उम्र में चले जाना बहुत ही दुखद है। वर्ष १९९४ से जुड़कर साक्षरता आंदोलन से जुड़कर गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत कार्य कर रहें थे, जिला साक्षरता समिति व ज्ञानविज्ञान समिति में काफी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गोविंदपुर साक्षरता आंदोलन के स्तंभ रहे है। उनके मृत्यु से सामाजिक आंदोलन का बहुत बड़ा हानि हुआ है।

हम ज्ञानविज्ञान और साक्षरता आंदोलन के साथी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। और उनके याद में हर पंचायत में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करेंगे और साक्षरता आंदोलन तथा सामाजिक आंदोलन के विस्तार के लिए अब एक बैठक भी आयोजित करेंगे। श्रद्धांजलि सभा में प्रखण्ड नव भारत साक्षरता समिति व ज्ञानविज्ञान समिति से मनोज कुमार पंडित, भोला नाथ राम, विवेकानंद पांडेय, शफीक आलम, रामदेव कुमार महतो, मुस्तकीम अंसारी, मिनाहुल्लाह अंसारी, फिरोज, उकेश्वर पांडे, विजया लक्ष्मी, अर्चना देवी, रेखा शर्मा, जोबा देवी, सपना देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, नीलम देवी, टूम्पा देवी, अताउल, सत्येंद्र रजक आदि साथी अपने विचार रखें।

## पंचायत सचिवालय में लोगों को मतदान के प्रति दिलाई शपथ



**पुटकी (ससे) :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को पुटकी थाना प्रभारी मनोहर करमाली के नेतृत्व में पुटकी मस्जिद मुहल्ला एवं कोकप्लांट में लोगों को मतदान के प्रति जागरूप किया गया। थाना प्रभारी श्री करमाली ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। मौके पर मुखिया कुसुम देवी, शाहरुख खान, राजू अंसारी आदि। इधर मुनीडीह ओपी पुलिस ने ओपी प्रभारी संतोष कुमार महतो के नेतृत्व में समशिखरा पंचायत सचिवालय में लोगों को मतदान के प्रति शपथ दिलाई। मौके पर मुखिया चक्रधर महतो, दीपक महतो आदि मौजूद थे।

# देश की जनता केन्द्र की तानाशाह सरकार से त्रस्त है : शमशेर



**झरिया (ससे) :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सह धनबाद लोकसभा मीडिया प्रभारी शमशेर आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की धनबाद लोकसभा की जनता केन्द्र की तानाशाह सरकार से १० वर्षो से त्राहिमाम कर रही है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता को ना एयरपोर्ट मिला ना ही एम्स मिला और ना ही धनबाद को जाम से निजात मिला।

आगे आलम ने कहा कि नरेंद्र मोदी अच्छे दिन की ख्वाब दिखाकर जनताजनार्दन को महगाई, भूखमरी, बेरोजगारी को बढ़ाकर अच्छे दिन केवल अपने पूंजीपति साथी के लिए लाये है। आज देश में नरेन्द्र मोदी एक भी ऐसा कोई काम और विकास नहीं किया जो आज चुनाव में काम के बदले वोट मांग सके। मोदी जी चुनाव आने पर मुसलमान, पाकिस्तान, नफ़रत फैला कर वोट की भीख मांगते हैं जबकि आज जरूरत है भारत के हर नौजवान को रोजगार, महंगाई से निजात व लोकतंत्र की रक्षा मिले जो केवल कांग्रेस ही कर सकती है। जब हमसब मिलकर धनबाद लोकसभा महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह को भारी मतों से विजय बनाकर राहुल गाँधी एवं महागठबंधन के हाथों को मजबूत बनाए।

# रेलकर्मियों की मांगें पूरी करें : ईसीआरकेयू




**धनबाद (कासं) :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक धनबाद को रेलकर्मियों की विभिन्न मांगों को पूरा नहीं किए जाने तथा बुनियादी सुविधाओं की बहाली के प्रति प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा। इसमें मांगों के समाधान किए जाने के आग्रह के साथसाथ यह भी मांग किया गया है कि रेल कर्मियों की लंबित समस्याओं के समाधान होने तक मंडलीय कर्मचारी कल्याण कोष की राशि से प्रस्तावित अंडमान टूर कार्यक्रम को स्थगित किया जाए।

उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री एवं धनबाद मंडल पीएनएम प्रभारी मो ज़्याऊद्दीन ने बताया कि इन मांगों को यूनियन पिछले दो साल से पीएनएम फोरम पर उठा रहे हैं, लेकिन रेल प्रशासन उपेक्षित और उदासीन व्यवहार कर रहा है।

प्रशासन की इस टालमटोल की नीति से मंडल के अधिकांश रेलकर्मी काफी आक्रोशित हैं। एक तरफ दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र में काम कर रहे रेलकर्मी पेयजल जैसे बुनियादी सुविधाओं के अभाव को झेलने को विवश हैं वहीं रेल प्रशासन ने कर्मचारियों के कल्याण कोष के पैसों से अंडमान टूर पर जाने के लिए आवेदन पत्र मंगाए है। अपने कठिन परिश्रम से रेलकर्मी धनबाद मंडल को नित नये ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं और बदले में प्रशासन उनके वाजिब भत्तों के भुगतान में असमर्थता जता रही है। सेक्शन में कुछ सुपरवाइजर निरंकुश व्यवहार कर रहे हैं और अपने मातहत कर्मचारियों का मानसिक व शारीरिक शोषण कर रहे हैं। मंडलीय अधिकारियों तक बात पहुंचाए जाने पर वो सुपरवाइजर का ही पक्ष लेते हैं और निचले स्तर के कर्मचारियों का स्थानांतरण कर देते हैं।

उन्होंने कहा कि ईसीआरकेयू की डिवीजनल कमिटी की आपात जूम बैठक में इस बात को लेकर सर्व सहमति हुई है कि रेलकर्मियों की निम्नलिखित मांगें जब तक पूरी नहीं होती हैं तब तक टूर कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए। ईसीआरकेयू ने अपनी मांगों की सूची और टूर कार्यक्रम को निलंबित करने का आग्रह पत्र मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी को सौंप दिया है और अब निर्णय मंडल रेल प्रशासन के हाथों में है।

यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के ख्वास ने बताया कि डिवीजनल कमिटी की जूम बैठक में अपर महामंत्री मो. ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता और नेताजी सुभाष एवं एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा सहित चोपन टू शाखा सचिव सीपी पाण्डेय, चोपन वन के सचिव उमेश सिंह, डाल्टनगंज सचिव सुनील कुमार सिंह, पतरातू टू के सचिव अजीत कुमार, पतरातू वन सचिव आर एन चौधरी, बरकाकाना सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, चन्द्रपुरा सचिव चंदन शुक्ल, गोमो सचिव पी के सिन्हा, गझंडी कोडरमा सचिव बी बी सिंह, धनबाद वन सचिव बी के दूबे, धनबाद टू सचिव आर के सिंह, धनबाद लाईन सचिव जे के साव, कतरास सचिव आई एम सिंह, पाथरडीह सचिव बी के साव ने उपस्थित होकर अपने विचार रखे।

# लाखों खर्च कर बनाए गये गार्डेन को बीसीसीएल प्रबंधन कटवा रही है

**जोड़ापोखर (ससे) :** उपरोक्त फोटो भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के लोदना के क्षेत्रीय कार्यालय के गार्डन का है। जिसमें कंपनी लाखों खर्च कर गार्डन बनवाने का काम किया। वर्तमान में प्रबंधन द्वारा गार्डन काट कर रूम बनाने का काम किया जाना प्रारंभ किया गया है। जिसका विरोध पूरे क्षेत्रीय कार्यालय के लोगों ने किया और कार्य कई दिनों तक बाधित रखा। पुन: कार्य चालू किया गया है जो गलत है। रूम बनाने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय के पीछे साइड में बहुत सी खाली जगह है साथ ही साथ स्थापित कार्यालय के ऊपर छत पर पूरा एरिया खाली पड़ा हुआ है। उसपर भी नया रूम कंस्ट्रक्शन किया जाना उचित होता परंतु प्रबंधन अपने भौगोलिक स्थिति को प्रकृति के सौंदर्यीकरण के रूप में बनाने का काम किया है। उसे पैसे की बर्बादी कर उसी में नए रूम का कंस्ट्रक्शन करना उचित नहीं है और इस तरह को पेड़ को नुकसान पहुंचाने के लिए पर्यावरण विभाग से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है। इसलिए स्पष्ट है कि प्रबंधन अपने मनमर्जी से प्रकृति के द्वारा निर्मित पेड़ पौधे गार्डन का नुकसान कर अन्य कंस्ट्रक्शन कर रहा है।



डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# सतगावां के चुनावी सरगर्मी तेज,प्रत्याशियों ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**कोडरमा (ससे):** कोडरमा सतगावां प्रखंड में मंगलवार को सुबह से ही प्रत्याशियों के द्वारा विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर चुनावी सरगर्मी तेज कर दिया है ।एक दिन पहले तक प्रखंड में चुनाव को लेकर किसी तरह की कोई चहल पहल नही थी लेकिन अचानक दो अलग अलग प्रत्याशियों के द्वारा जन संपर्क अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं के एक अलग संचार पैदा कर दिया।सुबह नौ बजे से ही चिलचिलाती धूप में इंडिया गठबंधन से माले के प्रत्याशी बिनोद सिंह के द्वारा अपने समर्थकों के साथ जनसमपर्क अभियान चलाया वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के बहुचर्चित कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ ग्राम , कटैया, पोखरडीहा ढाब सिहास ,नासरगंज शिवपुर, बासोडीह, रामडीह, नासरगंज, समलडीह, महथाखैरा नरायडीह , मरचोई, योगीडीह इटाई , डेवोडीह राजाबर समेत दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर कमल छाप पर वोट देने की अपील की।वहीं अन्नपूर्णा देवी ने लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए कहा की आपका हर वोट देश की तरक्की के लिए होगा, हर वोट महिलाओं एवं देश की सुरक्षा के लिए होगा,आपका हर वोट देश के सम्मान के लिए होगा जो नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेगा।मौके पर जयशंकर , प्रसाद कौआकोल जिला परिषद सदस्य अजित यादव सांसद प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार मेहता भाजपा नेता महावीर यादव सरोज कुमार राजकुमार यादव वीरेंद्र यादव सुरेश यादव विधायक प्रतिनिधि धन्नजय प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी उप प्रमुख मनोज कुमार निराला नावाडीह मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत यादव ,दीपश अग्रवाल बालमुकुंद सिंह, अरविंद सिंह, रंजित सिंह, उत्तम सिंह,विकास कुमार, मनोज यादव पूर्व मुखिया चन्दिका यादव, विजय सिंह, नरेश यादव, मनोज भगत, मनोज चौधरी,, सुबोध कुमार सिन्हा ,प्रवीण कुमार,अविनाश कुमार गोयल, तारणी सिंह, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार, भोला प्रसाद वर्णवाल, पिंटू पांडेय आदि मौजूद थे।

# बोकारो स्टील प्लांट के डी एन डब्लू विभाग के केबुल टनल में अग्नि सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध




**बोकारो (ससे):** बोकारो स्टील प्लांट के डी एन डब्लू विभाग के मेन स्टेप डाउन सब स्टेशन (चडउ्ड-१) के बेसमेंट और उससे जुड़े केबल टनल में फायर रीटार्डेन्ट डोर और फायर बैरियर पैनल का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभार संकार्य ) राजन प्रसाद के द्वारा किया गया. इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पी के बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ), बी पी सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (डी एन डब्लू ) एन भाटिया, वितरण तंत्र विभाग, सुरक्षा अभियन्त्रण विभाग, सीईडी, अग्नि सेवाएं व अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे.

पावर सप्लाई का वितरण केबल के माध्यम से समस्त विभागों को किया जाता है, इसे सुचारू रुप से वितरित करने के लिए प्लांट के सभी विभागों को एच टी केबुल नेटवर्क से जोड़ा गया है. अग्नि रोधक द्वार की उपयोगिता तब होती है जब किसी कारण केबुल टनल में आग लग जाती है. अग्नि रोधक द्वार आग को एक कमपार्टमेंट से दूसरे कमपार्टमेंट में जाने से रोकती है. अग्नि रोधक पैनल केबल के आग को आगे बढने से रोकती है, जिससे कि जान माल का नुकसान कम से कम होता है और प्लांट को सुचारु रूप से चलाने में मदद मिलता है.

डी एन डब्लू विभाग के अग्नि सुरक्षा के प्रबंधन के संदर्भ में श्री दिलीप कुमार गोंड, महाप्रबंधक (डी एन डब्लू) ने बताया कि केबल टनल में अग्नि सुरक्षा के लिए और भी कदम उठाए जा रहे हैं तथा इसके लिए अग्नि रोधक द्वार और अग्नि अवरोधक पैनल जैसे उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है.

# महिलाओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**डुमरी (ससे):** लोकसभा चुनाव २०२४ को ले मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत कुम्हरलालो पंचायत के जुड़ी महिलाओं ने सीसी गीता कुमारी एफटीसी बिनोद ठाकुर पीआरपी अनिल कुमार राणा के नेतृत्व में उपस्थित महिलाओं ने अपने हांथो में मेहन्दी लगा कर सभी मतदाताओं को जागरुक करने का काम किया । उपस्थित महिलाओं ने अपने हाथों में ,मेरा वोट मेरा अधिकार,पहले मतदान फिर जलपान,चुनाव का पर्व देश का गर्व आदि मेहन्दी से लिख कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने की,कार्यक्रम में शामिल महिलाओं द्वारा मतदाताओं से गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए २५ मई को सुबह ७ बजे से अपराह्न ५ बजे तक होने वाले मतदान में अपने मत का प्रयोग अवश्य करने की अपील की।

सीसी गीता कुमारी सहित समूह के दीदी ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए अपील की और अगामी २५ मार्च को मतदान तिथि में सुबह ७ बजे से लेकर शाम ५ बजे तक अपने अपने मतदान केंद्र में मतदान कर इस राष्ट्रीय महापर्व की शत् प्रतिशत सफलता में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। कहा कि एक स्वस्थ और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए सभी को अपने मत का दान अवश्य करना चाहिए्।इस दौरान सभी ने बिना किसी लोभ लालच प्रलोभन के अपना मतदान करने का शपथ लिया। इस दौरान सीनियर फागु कुमार वर्मा, सीएलएफ लेखापाल चंद्रीका कुमारी बीसी सखी गुड़िया कुमारी, ममता कुमारी, रेणु देवु, रिंकु देवी,राधा देवी, बालों कुमारी, उषा देवी, पुनम कुमारी, अनीता देवी, कुन्ती देवी,रुबी देवी, पम्मी देवी आदि उपस्थित थे।

# मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कार्यक्रम का आयोजन

**जमुआ (ससे):** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में सभी निर्वाचकों को मतदान करने एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कार्यक्रम संचालित किया गया है,जिसके तहत आज मंगलवार ७ मई की शाम ५ बजे तक प्रखंड के सभी २३८ बूथों पर कार्यरत एवं प्रतिनियोजित कर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया।वहीं उपस्थित मतदाताओं को मतदान से संबंधित सपथ दिलाया गया।

जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम को संध्या पांच बजे तक बूथों पर सफल बनाते हुवे रात्रि आठ बजे तक सोशल मीडिया पर मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर से संबंधित पोस्ट करना है। इस बाबत बीडीओ कलेन्द्र कुमार सिन्हा एवं सीओ संजय पांडेय से संयुक्त रूप से कहा कि जमुआ के सभी २३८ बूथों पर विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां कराई गई है जिसका फोटो-वीडियो ट्विटर, फेसबुक, इंस्टग्राम और यूट्यूब पर हैशटैग के साथ रात्रि आठ बजे तक अपलोड किया गया।कहा कि बूथों पर मतदाताओं को चुनाव शांति एवं सौहार्दपूर्ण तथा निर्भीक मतदान करने हेतु सपत दिलाई गई्। कहा कि आज के कार्यक्रम को गिरिडीह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के फेसबुक,वाट्सअप स्टेट्स, ट्यूटर्स, इंस्टाग्राम व यू-ट्यूब हैण्डल्स पर टैग किया जा रहा है। वहीं फ़ोटो एवं वीडियो राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और केंद्रीय निर्वाचन आयोग को टैग करने का निर्देश है।

उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मतदान केंद्रों में जागरूकता समूह के रूप में निम्नलिखित सदस्यों को लगाया गया है जिसमे मुख्य रूप से आंगनबाड़ी सेविका,आंगनबाड़ी सहायिका, पारा शिक्षक, सहायक अभियंता, कनिये अभियंता ,स्वास्थ्य सहिया/ आशा , ग्राम रोजगार सेवक, जल सहायिका, महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्या, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक, वार्ड सदस्य, पंचायत राज संस्थान के सदस्य, कृषक मित्र, मतदान केंद्र क्षेत्र के विद्यालय के शिक्षण संस्थान एवं स्वयंसेवक समिल है। कार्यक्रम में चुनाव से जुड़े सेकड़ो की संख्या में विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मी उपस्थित होकर सपथ दिलाते हुवे कार्यक्रम को सफल बनायें्।

# 7 उम्मीदवारों का नामांकन प्रपत्र रद्द



**बोकारो (ससे):** ०६ गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को उम्मीदवारों के नामांकन की संवीक्षा हुई्। गिरिडीह से कुल २५ उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था। इनमें ०७ उम्मीदवारों के नामांकन* को अयोग्य पाया गया। उनके नामांकन को रद्द कर दिया गया। सात उम्मीदवारों के नामांकन रद्द होने के बाद अब सिर्फ १८ उम्मीदवार शेष रह गये हैं। ०६ गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि कुल २५ उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिला किया था। आज संवीक्षा में कुल ०७ उम्मीदवारों का नामंकन प्रपत्र में त्रुटि रहने के कारण रद्द किया गया। अब कुल १८ उम्मीदवार ०६ गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में शेष है। अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि ०९ मई २०२४ है।

# एसडीएम ने किया बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक



**डुमरी (ससे):** लोकसभा आम चुनाव २०२४ के निमित्त ०६ गिरिडीह लोकसभा चुनाव हेतु ३३-डुमरी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी ३७३ मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण ६ मई से १९ मई तक निर्धारित तिथि में किए जाने हेतु एवं प्रतिदिन का प्रतिवेदन समर्पित करने के विषय पर मंगलवार को डुमरी अनुमंडल कार्यालय सभागार में सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।अध्यक्षता सहायक निर्वाची पदाधिकारी ०६ गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सह एसडीएम डुमरी मोहम्मद शहजाद परवेज ने किया।

बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ नावाडीह/ डुमरी एवं बीडीओ चन्द्रपुरा तथा सभी ३८ बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

उपस्थित सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रतिदिन ०२ बजे अपराह्न तक एनेक्चर १,२ एवं ३ में प्रतिवेदन समर्पित करते हुए मतदाता सूचना पर्ची के वितरण का सतत निगरानी करने हेतु निदेशित किया गया।

विशेषकर अनुपस्थित, स्थानांनरित एवं मृत मतदाताओं के विषय में प्रतिवेदन समर्पित करने एवं वैसे मतदाता जिनके पास वोटर आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं है तथा जिनके पास पुरान प्लास्टिक लेमिनेटेड वोटर कार्ड है की सूचना विहित प्रपत्र में संकलित कर प्रतिदिन समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया।

## जयप्रकाश एवं विवेक वर्मा ने धुआंधार दौरा किया

**गिरिडीह (ससे):** निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कोडरमा लोकसभा दंगल में ताल ठोक रहे जयप्रकाश वर्मा क्षेत्र में पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की विभिन्न कोषांगो की समीक्षा

**गिरिडीह (ससे):** लोकसभा आम निर्वाचन व ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव २०२४ के निमित्त आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में निर्वाचन की तैयारियों विभिन्न कोषांगो की समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, ०५ कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, निर्वाची पदाधिकारी, ३१ गांडेय विधानसभा, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, वरीय/ नोडल पदाधिकारी, डाक मत पत्र कोषांग, वरीय/नोडल कार्मिक कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, अभ्यर्थी कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कोषांग समेत निर्वाचन के कई अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा बारी बारी से सभी कोषांगवार समीक्षा की गई तथा निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गई्। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके कार्य दायित्व के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा निर्वाचन को लेकर सभी तैयारियों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने आदर्श आचार संहिता कोषांग की समीक्षा करते हुए कहा कि एमसीसी से संबंधित मामले आते है तो उसका उचित रिकॉर्ड रखें और सी-विजिल के माध्यम से उन सभी का समाधान सुनिश्चित कराएं्। इसके अलावा अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए्। साथ ही डाक मत कोषांग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने डाक मत पत्र से मतदान होनेवाले प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की तथा अबतक कितने लोगों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया है, उसकी जानकारी ली तथा कई दिशा निर्देश दिए गए्। इसके अलावा उन्होंने सभी बीडीओ/ सीओ को सख्त निर्देश दिया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराएं्। साथ ही साथ स्वयं भी उपस्थित रहकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करें्। इसके अलावा उन्होंने कहा जिनको जो जो दायित्व सौंपा गया है, उसका उचित अनुपालन सुनिश्चित कराएं्। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों में -चक्र व्यवस्था की जानकारी ली और कई बिंदुओं पर सख्त निर्देश दिया। इसके अलावा जिला नियंत्रण कक्ष को २४□ ७ संचालित करने के निर्देश दिए गए तथा समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ प्रशिक्षण कोषांग और कार्मिक कोषांग को भी निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### तीसरे चरण में 11 राज्यों की---

**दबंगों पर दलितों के घर जलाने के आरोप**

मुरैना के बानमोर क्षेत्र के रांचोली गांव में जाटव समाज के लोग जब वोट डालने के लिए गए तब उन्हें पता लगा कि उनका वोट पहले ही डल चुका है। उनका आरोप है कि उन्होंने इस बात का विरोध किया तो दबंगों ने उनके घर जला दिए। मुरैना में कांग्रेस कैंडिडेट सत्यपाल सिकरवार ने पुलिस-प्रशासन पर वोटिंग डंप कराने के आरोप लगाए। मंत्री एंदल सिंह कंसाना के मुरैना गांव गाड़ी खेड़ा में लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। राजगढ़ में शराब पीकर अभद्रता कर रहे पीठासीन अधिकारी को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया। यहां पुलिस ने एक कांग्रेस नेता को नजरबंद भी किया है। वहीं, राजगढ़ के कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह का कहना है कि चाचौड़ा में एक बूथ पर ११ वोट डले और ईवीएम ५० बता रही थी। मुरैना, शिवपुरी, राजगढ़, बैतूल, रायसेन समेत कुछ जिलों से मतदान का बहिष्कार करने की भी सूचना है। यहां कुछ गांवों में सडक़ और नहर नहीं होने की बात कहते हुए वोट डालने से मना कर दिया। अफसरों के समझाइश के बाद कुछ वोटर मान गए्। भोपाल के एक दक्षिण-पश्चिम में एक बूथ पर लकी ड्रॉ निकाला जा रहा है। इसमें विजेता को डायमंड रिंग दी जा रही है।

**मप्र में 66.12 प्रतिशत वोटिंग**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मध्यप्रदेश की ९ सीटों पर शाम ६ बजे तक ६६.१२ प्रतिशत मतदान हुआ्। सबसे ज्यादा वोट कांग्रेस के सीनियर लीडर दिग्विजय सिंह के संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में डाले गए। यहां ७२.९९ प्रतिशत वोटर्स ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की सीट विदिशा में ७०.३५ प्रतिशत तो केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की सीट गुना में ६९.३४ प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे कम भिंड सीट पर ५२.९१ प्रतिशत मतदान हुआ। फिलहाल, चुनाव आयोग ने मतदान का फायनल आंकड़ा जारी नहीं किया है।

**पश्चिम बंगाल में बारिश से---**

से चिलचिलाती गर्मी से जूझ रहे कोलकाता समेत राज्य के कई जिलों में सोमवार को कई जिलों में तेज हवाओं के साथ मध्यम से भारी बारिश हुई। जिससे तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली।

### पतंजलि केस में--

जिक्र किया। इसकी गाइडलाइन १३ में कहा गया है कि किसी व्यक्ति को उस प्रोडक्ट या सर्विस के बारे में पर्याप्त जानकारी या अनुभव होना चाहिए जिसे वो एंडोर्स कर रहा है। उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह भ्रामक नहीं है। बेंच ने उपभोक्ता की शिकायत दर्ज करने के लिए प्रोसेस बनाने की जरूरत बताई्।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा- सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयुष अधिकारियों को भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ ड्रग एंड कॉस्मेटिक रूल, १९४५ के रूल १७० के तहत कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए क्यों कहा। सुनवाई के दौरान कोर्ट का ध्यान केंद्र सरकार की ओर से २०२३ में जारी एक पत्र की ओर ले जाया गया। इसमें रूल १७० के कार्यान्वयन पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी गई थी। रूल १७० को २०१८ में १९४५ के नियमों में जोड़ा गया था। रूल १७० मे कहा गया है कि आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाएं जिस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में मैन्युफैक्चर हो रही है वहां के लाइसेंसिंग अथॉरिटी के अप्रूवल के बिना विज्ञापन नहीं दिया जा सकेगा। इस नियम का उद्देश्य भ्रामक विज्ञापनों से निपटना था। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच को आज बताया गया कि रूल १७० को कई उच्च न्यायालयों में चुनौती दी गई है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से एक्सपर्ट की सलाह लेने के बाद नियम की फिर से एग्जामिन करने को कहा है। चूंकि नियम पर अभी पुनर्विचार किया जाना बाकी है, इसलिए केंद्र सरकार ने राज्यों से कहा है कि वे भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ इसे लागू करने से बचें्। हालांकि, बेंच इस स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं थी। केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने अदालत को आश्वासन दिया कि रूल १७० पर अंतिम निर्णय जल्द से जल्द लिया जाएगा।

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला---

में पूछा गया था। बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है। पिटीशन में मांग की गई है कि हाईकोर्ट के फैसले को रद्द किया जाए्। कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस साल २२ अप्रैल को पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों की २५ हजार ७५३ नियुक्तियों को अवैध करार दे दिया था। साथ ही इन शिक्षकों को ७-८ साल के दौरान मिली सैलरी १२ प्रतिशत इंटरेस्ट के साथ लौटाने के निर्देश भी दिए थे। इसके लिए कोर्ट ने ६ हफ्ते का समय दिया था।

### हमें 400 सीटें चाहिए---

पलटने का है। चौथे व्यक्ति ने कहा ये लोग पिछले दो साल से एक बड़ी साजिश में जुटे हैं्। कांग्रेस में चर्चा हुई है कि मोदी को झूठे आरोप में फंसाओ, इसलिए आज कल संविधान को लेकर झूठ फैलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कांग्रेस चुप है लेकिन आज उनके एक सहयोगी दल ने इंडिया गठबंधन के इरादों की पुष्टि कर दी। उनके नेता जो चारा घोटाले के मामले में जेल में हैं और कोर्ट से सजा पा चुके हैं्। अभी जमानत पर बाहर आए हैं्। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए, सिर्फ आरक्षण नहीं, उनका कहना है कि मुसलमानों को मिलना चाहिए पूर्ण आरक्षण। इसका अर्थ क्या है? ये लोग एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय को मिला सारा आरक्षण छीनकर मुसलमानों को पूरा आरक्षण देना चाहते हैं्। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास भी, विरासत भी के मंत्र पर चलती है। कांग्रेस ने विरासत और आस्था के हमारे हर काम का विरोध किया। महाकाल लोक का निर्माण भाजपा ने किया। कांग्रेस ने इसका कदम-कदम पर विरोध किया। धार की भोजशाला, बाग गुफाएं, मांडु का जहाज महल ऐसी जगहों पर भाजपा सरकार सुविधाओं का विस्तार कर रही है।

जो बाबा साहब को मंजूर नहीं था, जिसका उन्होंने विरोध किया। इस बार कांग्रेस और उनके सब साथियों को चुन-चुनकर राजनीति से साफ कर देना। ये बाबा साहब अंबेडकर को बड़ी श्रद्धांजलि होगी। क्योंकि उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर की पीठ में छुरा घोंपा है। संविधान की पीठ में छुरा घोंपा है। मोदी ने कांग्रेस के सारे वादों इरादों की पोल खोल दी है। कांग्रेस तुष्टिकरण के दलदल में ऐसी धंस चुकी है कि उसे और कुछ नजर नहीं आता है। कांग्रेस की चली तो कांग्रेस कहेगी कि भारत में जीने का पहला हक भी उसके वोट बैंक को है। पीएम मोदी ने कहा- हार की हताशा में आजकल कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग एक नई अफवाह उड़ा रहे हैं्। ये कहते हैं कि मोदी को ४०० सीटें मिल गई तो वो संविधान बदल देगा। ऐसा झूठ चलाते हैं्। कांग्रेस वालों की बुद्धी पर वोट बैंक का ताला पड़ गया है। इन्हें पता होना चाहिए २०१९ से २०२४ ये ५ साल मैंने सरकार चलाई्। मोदी के पास एनडीए को ४०० सीटों का समर्थन तो था ही, इन्हें ये भी याद नहीं्। इन्हें जनता ने ऐसा मारा कि अभी तक इन्हें होश नहीं आया। मोदी ४०० सीटें क्यों मांग रहा है? मोदी को ४०० सीटें चाहिए ताकि मैं कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक सकूं। मोदी को ४०० सीटें चाहिए ताकि कांग्रेस कश्मीर में धारा ३७० को फिर से वापस लाकर चिपका न दे। खेल बिगाड़ ने दे। मोदी को ४०० सीटें चाहिए ताकि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर पर ताला न लगा दे।

# जहां भी छापे पड़ रहे हैं, वहां से करोड़ों मिल रहे हैं : अर्जुन मुंडा



**खूंटी (ससे):** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के बुंडू में भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और आजसू ने संयुक्त रुप से जनसंपर्क अभियान चलाया और सभा की। खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी राष्ट्र निर्माण में लगे हैं और इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दूसरी तरफ ऐसे लोग चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके पास न कोई मिशन है न कोई विज़न।

आज राज्य में खनन माफिया राज्य के बालू को बाहर भेज दे रहे हैं लेकिन अगर कोई गरीब अपना घर बनाना चाह रहा है तो उसे बालू नसीब नहीं हो रहा है। राज्य सरकार में भ्रष्टाचार हावी है, जहां भी छापे पड़ रहे हैं, वहां से करोड़ों मिल रहे हैं। यह राज्य के लिए दुर्भाग्य है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के बुंडू में आजसू के द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सभी से विकसित भारत, विकसित खूंटी और समृद्ध भारत बनाने के लिए १३ मई को मतदान करने की अपील की। अर्जुन मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार में भ्रष्टाचार हावी है, जहां भी छापे पड़ रहे हैं, वहां से करोड़ों मिल रहे हैं। यह राज्य के लिए दुर्भाग्य है। झारखंड राज्य को बनाने के लिए कई लोगों ने आहुति दी है, कई गोलीकांड हुए हैं, जिसकी जिम्मेदार भी कांग्रेस ही है। इसी कांग्रेस के साथ मिलकर राज्य की सरकार जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम कर रही है, जहां मंत्री के पीए के नौकर के घर करोड़ों रूपये मिल रहे हैं। कांग्रेस लंबे अरसे तक शासन में थी लेकिन उसने अलग झारखंड की मांग को हमेशा लटकाने का काम किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में चुनावी वादे भी किये जिसमे उन्होंने कहा कि रांची से टाटा तक रेलवे लाइन बने यह हमारा संकल्प है। शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़े ये हमारा संकल्प है। कृषि क्षेत्र में हम बेहतर करें ये हमारा संकल्प है। मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल संसद में पास कराकर हमारी सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। २०२९ में जब चुनाव होगा, संसद में ३३ प्रतिशत महिलाएं चुनकर संसद में जाएंगी। इस ऐतिहासिक बिल को भी कांग्रेस ने वर्षों से लटकाकर रखा था। कार्यक्रम के बाद अर्जुन मुंडा ने विभिन्न गांवों का भी दौरा किया और सभी से १३ मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की । उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मतदान करना है।

## लोबीन हेंब्रम ने राजमहल से नामांकन किया

**साहिबगंज (ससे):** झामुमो के विधायक लोबीन हेंब्रम ने बगावती तेवर दिखते हुए मंगलवार को राजमहल लोकसभा सीट से निर्दलीय नामांकन दाखिल किया । साहिबगंज जिले के बोरियो विधानसभा क्षेत्र के झामुमो विधायक लोबीन हेंब्रम ने घोषणा अनुरूप नामांकन के पहले दिन ही पर्चा दाखिल कर झामुमो के अधिकृत प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं । भाजपा ने यहाँ से पूर्व विधायक ताला मरांडी को अपना उम्मीदवार बनाया है ।

# प्रत्याशियों के बीच हुआ चुनाव चिन्ह का आवंटन

**चतरा (ससे):** चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे राष्ट्रीय , क्षेत्रीय और निर्दलीय प्रत्याशियों के साथ मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने एक बैठक करते हुए उन्हें उनके चुनाव चिन्ह से अवगत कराने का कार्य किया।

चतरा लोक सभा सीट पर तीन राष्ट्रीय दलों के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं इनमें काली चरण सिंह भारतीय जनता पार्टी-कमल फुल का निशान, कृष्णा नंद त्रिपाठी इंडियन नेशनल काँग्रेस -हाथ, एवं नागमणि बहुजन समाज पार्टी-हाथी का निशान शामिल है।चतरा सीट से १० पंजीकृत राजनैतिक दलों के सदस्य (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अतिरिक्त) चुनावी मैदान में है इनमें अर्जुन कुमार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-बाल और हँसिया, कर्मलाल उराँव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)-फलों से युक्त टोकरी, कामदेव डिहो राणा राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी-ऑटो-रिक्शा, दर्शन गंझु झारखण्ड पार्टी-बल्लेबाज, दुलेश्वर साव भारतीय जवान किसान पार्टी-उपहार, विमल लकड़ा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया-कोट, महेश बाण्डो बहुजन मुक्ति पार्टी-चारपाई, लव कुमार पंडित भागीदारी पार्टी (पी)-फुटबॉल खिलाड़ी, संजय कुमार स्नेही लोकहित अधिकार पार्टी-सेब, सुमित कुमार यादव समता पार्टी-बैटरी टार्च का चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं।

चतरा सीट पर ९ निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में हैं जिनमें मो० अबुजर खाँ- बल्ला, डॉ अभिषेक कुमार सिंह-बाल्टी, अमित कुमार सिंह-गैस सिलेण्डर, अर्जुन प्रजापति-एयरकंडीशनर, चंदन कुमार-अलमारी, दीपक कुमार गुप्ता-कैंची, योगेश कुमार सिंह-हीरा, विक्रांत कुमार सिंह-बेबी वॉकर, श्रीराम सिंह को मोतियों का हार चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

# दुमका समेत संथाल की तीन सीटों के लिए अधिसूचना जारी

**दुमका (ससे):** दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव की अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी गई। दुमका के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ए दोड्डे ने बताया कि मंगलवार से नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सार्वजनिक छुट्टी के दिन को छोड़कर १४ मई तक दिन के ११:०० से ३:०० तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।

१५ मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और १७ मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। १ जून को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा और चार जून को मतों की गिनती की जाएगी। दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत दुमका जिले का शिकारीपाड़ा, जमा और दुमका विधानसभा क्षेत्र, जामताड़ा जिले का जामताड़ा और नाला विधानसभा क्षेत्र तथा देवघर जिले का सारठ विधानसभा क्षेत्र आता है।

पूरे लोकसभा क्षेत्र में कल १८२९ मतदान केंद्र बनाए गए हैं तथा मतदाताओं की संख्या १५ लाख ८९ हजार २३८ हैं। उपायुक्त ने बताया कि दुमका जिले में इस बार १९ महिला बूथ बनाए गए हैं, जहां सभी मतदानकर्मी और अधिकारी महिला होंगी। अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ४७ पर्दानशी बूथ बनाये गये हैं। पर्दानशी बूथों पर एक विशेष महिला अधिकारी की तैनाती होगी, जो पर्दानाशी महिला मतदाताओं की पहचान करेंगी। उन्होंने बताया कि दुमका जिले में ४७१ संवेदन बूथ चिन्हित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि पलायन कर गए मजदूरों को चिन्हित कर उन्हें मतदान के लिए वोट करने के दिन लौट आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ऐसे १२००० मजदूरों की पहचान की गई है। इनमें से करीब ३ से ४ हजार मतदाताओं के साथ विशेष टीम के सदस्य लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खरवार ने बताया कि सुरक्षा के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई है। दुमका जिले में ११५७ मतदान केंद्र में से ४७१ क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं, जिनमें वैसे मतदान केंद्र भी शामिल हैं, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र में है ।

इन मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाएगा और इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई है।

दुमका लोकसभा निर्वाचन के लिए मंगलवार को नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने के पहले दिन नामांकन-प्रपत्रों की बिक्री हुई । पहला नामांकन-प्रपत्र निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बाघराई सोरेन ने, दूसरा प्रपत्र झामुमो के नलिन सोरेन और तीसरा प्रपत्र भाजपा की सीता सोरेन की ओर से खरीदा गया । यह जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से दी गयी। सीता सोरेन और नलिन सोरेन १० मई को नामांकन-पत्र दाखिल करेंगे।

## शांतिपूर्ण मतदान को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी : डीसी

**जामताड़ा (ससे):** जामताड़ा जिला समाहरणालय सभा कक्ष में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन को पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दुमका लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जामताड़ा जिले में चुनाव की तैयारी संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां पत्रकारों को दी और सहयोग की अपील की।उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार से लोकसभा निर्वाचन को लेकर नाम निर्देशन के साथ ही चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उन्होंने कहा कि १ जून को मतदान एवं ४ जून को मतगणना की तिथि निर्धारित है।

# एनसीपी कार्यकर्ता घर- घर मांगेंगे भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट

**पलामू (ससे):** एनडीए के घटक दल एनसीपी अजित गुट के कार्यकर्ताओं की बैठक हुसैनाबाद स्थित कमलेश कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा प्रतिनियुक्ति पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह हुए शामिल। बैठक को एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद भी बैठक में रहना था।

मगर चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्तता की वजह वह शामिल नहीं हो सके। इसका उन्हें काफी मलाल भी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि घर घर पहुंच कर एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में किसान गरीब मजदूर व आम लोगों के हित में किए गए कार्यों से जनता को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती व लोकतंत्र को कायम रखने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी होगा। इसके लिए हमे अपना अपना बूथ जीतना जरूरी है। एनसीपी के पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह ने कहा कि पार्टी तन मन धन से तैयार है।

एक एक कार्यकर्ता अपने अपने गांव के एक एक घर में केंद्र सरकार की उपलब्धियां पहुंचने के साथ उनका वोट मांगने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन अधिक से अधिक लोगों को बूथ तक जाकर मतदान करने को भी प्रेरित करने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव देश में स्वाभिमान की रक्षा के लिए एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाने का दायित्व सभी का है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने की। संचालन प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। बैठक में हुसैनाबाद के सभी प्रखंडों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने एकजुटता के साथ एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया।

## गोड्डा में दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया

**गोड्डा (ससे):** गोड्डा संसदीय क्षेत्र के लिए मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गई । नामांकन के पहले दिन मंगलवार को कुल १२ लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। वहीं दो उम्मीदवारों ने निर्वाची पदाधिकारी जिशान कमर के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। गौरतलब है कि गोड्डा लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक छुट्टी के दिन को छोड़कर १४ मई तक दिन के ११:०० से ३:०० तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। १५ मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और १७ मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

१ जून को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा और चार जून को मतों की गिनती की जाएगी।

# पुअनि के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन

**गिरिडीह (ससे):** गिरिडीह के तत्वावधान में पुलिस अवर निरीक्षक अशोक पासवान के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजन विश्व रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित मुख्य अतिथि श्री पीयूष कुमार सार्जेंट एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे राहुल रजक उपस्कर परिचारी ने कार्यक्रम का आरंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पीयूष कुमार सार्जेंट उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और देश का सेवा करते हुए लोगों को उचित न्याय देना एवं न्याय करना पुलिस पदाधिकारी का पहला कर्तव्य है। पुलिस की नौकरी करते हुए और इतना स्वस्थ हुए सेवानिवृत होने का सौभाग्य प्रत्येक आदमी को नसीब नहीं होता है ।कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री राहुल रजक उपस्कर परिचारी श्री अशोक पासवान जी के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए समाज और परिवार के बीच हमेशा स्वस्थ रहने का कामना की। सार्जेंट एवं उपास्कर परिचारी द्वारा संयुक्त रूप से भारत का संविधान का पुस्तक एवं सोल देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व सहायक पुलिस अवर निरीक्षक जय नारायण पासवान कहा कि श्री अशोक पासवान जी आरक्षी के पद पर १९८४ में पटना में में नियुक्त हुए थे।

कई जिला होते हुए २०१४ से गिरिडीह जिला में कई थाना में कर्तव्य करते हुए आज सेवानिवृत हो रहे हैं। इनका सबसे महत्वपूर्ण शौक साफ सुथरी सूट बूट पहनना एवं पांच कलम अपने जेब में रखना है। इनके चार बच्चे में दो लड़का में से एक एसडीएम दूसरा एसडीओ है। तथा दोनों लड़की शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं । कार्यक्रम में पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी अरविंद पाठक, पुलिस मेंस ऐसोसिएशन के संतोष कुमार यादव, मंतोष कुमार सिंह, सिकंदर कुमार, पत्रकार अभय कुमार ,अजय कुमार पासवान ,रामबचन राम, रूपा कुमारी, जितेंद्र मेहरा, नीरज मिश्रा, पुष्कर कृष्णा ,रामप्रीत पासवान, विनोद कुमार, पिंटू पासवान, सत्येंद्र रजवार, रामजीत राम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सुनील कुमार रजक एवं धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार रविदास ने किया।

# राहुल गांधी ने चाईबासा में की चुनावी सभा

**चाईबासा (ससे):** सिंहभूम लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा में चुनावी सभा की। टाटा कॉलेज मैदान में आयोजित चुनावी सभा में राहुल गांधी ने भाजपा पर प्रहार करने से ज्यादा उनकी भावी योजनाओं पर ज़ोर दिया। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने कुछ करोड़पति लोगों के लिए काम किया है जबकि इंडिया गठबंधन की सरकार की योजना होगी कि वह करोड़ों लोगों को लखपति बनाए। उन्होंने आदिवासियों की जल जंगल और जमीन के अधिकार उन्हें देने की बात कही। साथ ही किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य, एमएसपी को कानूनी जामा पहनाने का वादा भी किया। श्री गांधी ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं को पक्की नौकरी देने की जहां बात की वहीं यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार सत्ता में आने से सरकारी नौकरियों में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त किया जाएगा।राहुल गांधी ने चाईबासा की सभा में मनरेगा मजदूर और आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय को दुगना करने का वादा भी किया।

## डीसी- एसपी ने क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण किया

**देवघर (ससे):** उपायुक्त विशाल सागर व एसपी ने पूरी टीम के साथ लोकसभा आम चुनाव के सफल संचालन को लेकर देवघर व मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत विभिन्न क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## 8 जून को मोटर वाहन दुर्घटनावाद को लेकर बैठक

**गिरिडीह (ससे):** माननीय झालसा, रांची के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री मनोज प्रसाद के आदेशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम राजेश कुमार बग्गा के नेतृत्व में आज दिनांक ७ मई २०२४ को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से आगामी दिनांक ८/६/२०२४ को मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों के लिए आयोजित किए जाने वाले विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम श्री राजेश कुमार बग्गा ने कहा कि मोटर वाहन दुर्घटना वाद में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए प्रदान किया गया है। इन दिशा निर्देशों का अनुपालन विभिन्न स्तरों पर किए जाने से मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित पक्षकारों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है तथा अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो सकता है।

# एनडीए के लिए काउन्सलिंग सेमिनार का आयोजन



**कोडरमा (ससे):** कोडरमा ग्रिजली विद्यालय के सभागार में कक्षा १०वीं और १२वीं के छात्रों के लिए स्टूडेंट सर्विस सेल के द्वारा भारतीय सेना में कमीशन अफसर के तौर पर अपनी सेवा देने के इच्छुक युवाओं को कैरियर के अवसरों के बारे में युवा मन को प्रेरित और प्रबुद्ध करने के लिए एक कैरियर काउन्सलिंग सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर भारतीय सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर अमर नारायण शामिल हुए और भारतीय सशस्त्र बलों में जीवन और अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा किया। सैनिक स्कूल तिलैया के पूर्व छात्र ब्रिगेडियर अमर नारायण ने १९८१ में नेशनल डिफेंस अकादमी में प्रवेश प्राप्त किया था एवम १९८५ में आर्मी एयर डिफेंस में कमीशन हुए थे। स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड के प्रेसिडेंट के तौर पर ब्रिगेडियर अमर नारायण ने ३ साल के सेवा अवधि में ३००० से ज्यादा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवम स्क्रीनिंग किया है। कार्यक्रम की शुरुवात में विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर अमर नारायण का स्वागत पौधा देकर किया। अपने स्वागत संबोधन में प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करना हर छात्र का सपना होता है मगर सभी सफल नहीं हो पाते है परंतु संपूर्ण जानकारी एवम तैयारी के द्वारा ये सपना जरूर पूरा हो सकता है और ऐसे सेमिनार के माध्यम से छात्र अपने इस सपने के और करीब आ सकते है।

मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर अमर नारायण ने छात्रों को भारतीय सेना में उपलब्ध कैरियर की संभावनाओं की गहरी समझ प्रदान कराई एवम उनसे जुड़ी अनूठी जीवनशैली और मूल्यों पर भी प्रकाश डाला। ब्रिगेडियर अमर नारायण ने अपने व्यापक अनुभव और ज्ञान को छात्रों के सामने प्रस्तुत करते हुए उन्हें देश सेवा में जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एनडीए, सीडीएस और एएफसीएटी, टीईएस, अग्निवीर सहित विभिन्न प्रवेश मोड पर चर्चा की, जिसके माध्यम से छात्र भारतीय सेना में अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने छात्रों को एसएसबी में होने वाली प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा मुख्य वक्ता ने छात्रों के उन गुणों और विशेषताओं पर भी जोर दिया जो सशस्त्र बल संभावित उम्मीदवारों में तलाशते हैं, जैसे अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की मजबूत भावना।

सत्र के दौरान, छात्रों को सशस्त्र बलों में चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण और जीवन के बारे में प्रश्न पूछने और अपने संदेहों को स्पष्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया जिसमे शामिल होकर छात्रों ने मुख्य वक्ता से अनेक प्रश्न किये और जिनका जवाब मुख्य वक्ता के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र चौधरी, बुद्ध देब नस्कर, सुधांशु कुमार, पंकज उपाध्याय, सुनील साव, शिक्षक कुमार राजीव, शफीक आलम, संजीव कुमार जयसवाल, नार्गेद्र कुमार, संतोष कुमार आदि का योगदान सराहनीय था।

कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक सुप्रतिम बोस एवं धन्यवाद ज्ञापन स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर अमर नारायण को विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने प्रतिक चिह्न एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया।

# चिरेका के कर्मचारियों को अप्रैल माह के लिए मिला मैन ऑफ़ द मंथ अवार्ड



**चित्तरंजन (ससे):** स्वरुप दास तकनीशियन इलेक्ट्रिक विभाग, मयंक कुमार सीनियर सेक्शन इंजीनियर /व्हील शॉप-०९ यांत्रिक विभाग एवं पिंटू दे, वरिष्ठ तकनीशियन वेल्डर को अप्रैल महीने के लिए मैन ऑफ द मंथ अवार्ड से मंगलवार को सम्मानित किया गया है। हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक ने इनके असाधारण प्रदर्शन और समर्पित योगदान के लिए यह पुरस्कार इन्हें प्रदान किया ।

समर्पित कर्मचारी श्री दास, रोटर शाफ्ट में डमी पिनियन फिटिंग के महत्वपूर्ण कार्य में बहुत कुशल और ईमानदार हैं, जिसके लिए अत्यधिक ध्यान और सटीकता की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में इनके प्रयास ने इस वर्ष शॉप द्वारा १२०० लक्ष्य के मुकाबले १३६५ रोटर शाफ्ट के उत्पादन संभव हो पाया, जिससे पर्याप्त आर्थिक बचत भी हुई ।

श्री कुमार, अपने कार्य के प्रति बहुत ईमानदार और समर्पित हैं और उन्होंने अप्रैल, २०२४ के महीने में व्हील शॉप में व्हील सेट के उत्पादन को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह व्हील शॉप में गियर प्रेस, MSU फिटमेंट, व्हील प्रेस और एक्सल बॉक्स असेंबली की देखभाल करते हैं। इन्होने ओपन रेलवे की असफलता से संबंधित, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न SMI का अनुपालन और व्हील प्रेस से संबंधित सुरक्षा और गुणवत्ता पहलू के साथ उन्हें सौंपे गए सभी कार्य निष्पादन किया है ।

श्री दे, कार्य कुशल और ईमानदार वरिष्ठ तकनीशियन हैं, अप्रैल के महीने में उल्लेखनीय कार्यों के अंतर्गत, लोकोमोटिव छत का निरीक्षण करने के लिए लोको सीढ़ी के निर्माण में वेल्डिंग का असाधारण कार्य किया है। इन्होने अप्रयुक्त सामग्रियों के माध्यम से घरेलू सुविधाओं का उपयोग कर यह कार्य निष्पादन किया है ।

# लोस चुनाव : यूपी में 10 सीट पर 56 फीसदी मतदान

**लखनऊ (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत उत्तर प्रदेश की १० सीट पर मंगलवार को करीब ५६ प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के मुताबिक शाम ५ बजे तक संभल में ६१.१०, हाथरस में ५३.५४, फतेहपुर सीकरी में ५४.९३, मैनपुरी में ५५.८८, एटा में ५७.०७, बदायूं में ५२.७७ बरेली में ५४.२१, आगरा ५१.५३ और आंवला ५४.७३, और फिरोजाबाद में ५६.२७ प्रतिशत मतदान हुआ है। इस दौरान कई स्थानों से ईवीएम खराब होने, मतदाता सूची में नाम नहीं होने जैसी शिकायतें भी प्राप्त हुईं।



राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तीसरे चरण के तहत राज्य की १० लोकसभा पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ जो कि शाम छह बजे तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हुआ्। तीसरे चरण की १० लोकसभा सीटों पर उत्तर प्रदेश में धूप कम होने के बाद शाम को कुछ मतदान केंद्रों पर लोगों की भीड़ नजर आयी। इन सीटों में १०० प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जिनके भाग्य का फैसला मतदाताओं ने किया।

इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) ने मैनपुरी के किशनी में बूथ संख्या ६७ पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थकों को बिना पहचानपत्र के वोट डलवाए जाने का आरोप लगाया है। इसके अलावा, किशनी में ही सेक्टर-१८ के बूथ संख्या-१६६, सेक्टर-१९ के बूथ संख्या-१५० और भोगांव में बूथ संख्या-४१, ४२, ४३ पर पीठासीन अधिकारी द्वारा सपा के एजेंट बनने से रोके जाने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग की है। मतदान के बीच सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने बड़ा आरोप लगाया है। सपा नेता ने कहा कि जनता वोट डालना चाह रही है लेकिन जनता को वोट डालने से रोका जा रहा है, यह चाह रहे हैं कि जनता को वोट ना डालने दिया जाए्। बीजेपी चाहती है कि वोट प्रतिशत ना बढ़े। इस बार यह पहला चुनाव है जहाँ जनता की वोट डालने से रोका जा रहा है। मुस्लिम महिलाओं के ऊपर लाठीचार्ज की घटना भी हुई है, समाजवादी पार्टी जीतेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान स्थलों पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मचारियों को गर्मी और लू से बचाने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं्। मतदान केंद्रों पर जहां तक मतदाताओं की कतार होगी, वहां तक छाया की व्यवस्था तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। मतदाताओं के लिए मतदेय स्थलों पर छाया हेतु अलग से टेंट लगाया गया है। रिणवा ने बताया कि मतदेय स्थलों पर मेडिकल किट (ओ.आर.एस पैकेट सहित) का प्रबंध किया गया है। इसके साथ ही सहयोग के लिए बूथों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ स्वास्थ्यकर्मी की तैनाती की गयी है। इस चरण में १०० उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला १.८८ करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। इनमें एक करोड़ से अधिक पुरुष मतदाता और ८७ लाख से अधिक महिला मतदाता शामिल हैं।

तीसरे चरण में केंद्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल (आगरा), उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह (मैनपुरी) और राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि (हाथरस) की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। लोकसभा चुनाव का यह दौर सपा के यादव परिवार के लिए भी महत्वपूर्ण है। डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट को बरकरार रखने के लिए प्रयास कर रही हैं, जिसे उन्होंने अपने ससुर एवं सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीता था। सपा के मुख्य राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव फिरोजाबाद सीट को फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे।

इस सीट को उन्होंने २०१४ में जीता था। बदायूं लोकसभा सीट से चुनावी शुरुआत कर रहे आदित्य यादव सपा का गढ़ मानी जाने वाली इस सीट को जीतना चाहेंगे। वर्ष २०१४ में बदायूं सीट पर आदित्य के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव ने जीत हासिल की थी।

तीसरे चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता रहे कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह एटा संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं्। बरेली में मुख्य मुकाबला भाजपा के छत्रपाल सिंह गंगवार और सपा के प्रवीण सिंह ऐरन के बीच है। इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार मास्टर छोटे लाल गंगवार का नामांकन पत्र खारिज हो गया है।

# तेजस्वी यादव की तबीयत बिगड़ी, पहुंचे अस्पताल

**पटना (एजेंसी):** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अस्वास्थ्य चल रहे हैं. तेजस्वी यादव ने आईजीआईएमएस में अपना इलाज कराया. चुनावी सभा के दौरान तेजस्वी के कमर में तकलीफ हुई थी. राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि तेजस्वी यादव १०७ सभाएं कर चुके हैं. पिछले दस दिनों से कमर दर्द से परेशान हैं, लेकिन वह अपने दर्द को भूलकर जनता और नौजवानों के दर्द को दूर करने के लिए लड़ रहे हैं. जो कहीं न कहीं दस सालों में नरेंद्र मोदी की सरकार ने देने का काम किया है. बिहार में डबल इंजन सरकार ने नौकरियां रोजागार की राजनीति कर रही है नफरत का माहौल खड़ा कर वोट लेना चाहती है.



राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि चुनाव के समय में जनता का विश्वास मिल रहा है और उसे मज़बूती प्रदान करने के लिए अपने दर्द को भूल करके उनके लिए काम कर रहे हैं.यह भी पढ़ें:झारखंड में राहुल और तेजस्वी की एंट्री, इंडिया गठबंधन के पक्ष में करेंगे प्रचार

बता दें कि कमर में बढ़ते दर्द को लेकर ६ मई २०२४ दिन सोमवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने खत्रऋखचड हॉस्पिटल पटना में चठख करवाया. उनके सेग्मेंट में निरंतर १० दिनों से दर्द है. जो बीते ४ दिन में असहनीय रूप से अधिक बढ़ गया है. तीसरे चरण के चुनाव तक वो १०९ सभाएं कर चुके हैं.

बताया जा रहा है कि मंच या हेलीकॉप्टर में चढ़ते-उतरते के साथ किसी ऊबड़-खाबड़ जगह पर पैर का संतुलन बिगड़ने से ऐसा हुआ है. अभी वो दर्द निवारक दवाएं और इंजेक्शन लेकर प्रचार में जा रहे हैं. शाम होते-होते तीसरी-चौथी सभा के बाद यह दर्द अधिक बढ़ जाता है.

# राबड़ी देवी सहित 11 नए एमएलसी ने ली शपथ

**पटना (एजेंसी):** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी सहित ११ नव नियुक्त सदस्यों ने मंगलवार को विधान परिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली. सभी ११ सदस्यों को बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर ने शपथ दिलाई. इस दौरान राजद अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव भी सभागार में मौजूद रहे. शपथ लेने वाले सदस्यों में राजद के ४, बीजेपी से तीन, जेडीयू के दो, भाकपा (माले) से एक और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से एक सदस्य हैं.



राजद की ओर से लालू यादव के करीबी नेता अब्दुल बारी सिद्दकी के साथ डॉक्टर उर्मिला ठाकुर और फैसल अली को शपथ दिलाई गई. भाकपा (माले) से शशि यादव और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष एवं बिहार सरकार में मंत्री संतोष सुमन ने भी शपथ ली. सभी सदस्यों को सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर ने शपथ दिलाई है. सभी सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होगा. बता दें कि सभी ११ सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए थे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार चौथी बार एमएलसी चुने गए हैं.

# मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए : लालू प्रसाद

**पटना (ईएमएस):** इस समय देश में लोकतंत्र का महाकुंभ चल रहा है। इस चुनाव में देश की राजनीतिक पार्टियां अपने वोटरों को लुभाने के लिए कई वादे भी कर रही हैं्। वहीं इस लोकसभा चुनाव के दौरान धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण एक बड़ा मुद्दा बन गया है। इसको लेकर पक्ष और विपक्ष तरह-तरह की बयानबाजी कर रहा है। एक ओर जहां इंडिया गठबंधन के नेता इसका समर्थन कर रहे तो वहीं एनडीए और बीजेपी खेमा इसका विरोध करता नजर आ रहा है। इस बीच राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पटना में पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में सीधे तौर पर कहा कि मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए्।



लालू प्रसाद यादव विधान परिषद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। यहां उन्होंने पत्रकारों से मुखातिब हुए कहा कि मुसलमानों को आरक्षण जरूरी मिलना चाहिए्। उनसे पत्रकारों ने पूछा कि पीएम मोदी और बीजेपी आरोप लगा रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाएगा। इस पर लालू ने मुसलमानों के आरक्षण का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुसलमनों को भी आरक्षण मिलना चाहिए्।

गौरतलब है कि कर्नाटक में धर्म आधारित आरक्षण पर बीजेपी हमलावर है। पीएम मोदी कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए आरक्षण के मुद्दे को आधार बनाकर जनता के बीच जा रहे हैं। पीएम मोदी चुनावी जनसभाओं में कई बार कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना संविधान के खिलाफ है। कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीती के लिए ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे रही है। अब लालू यादव ने मुसलमानों के आरक्षण का समर्थन कर सियासत को और गर्मा दिया है।

बता दें कि एमएलसी शपथ ग्रहण समारोह में लालू प्रसाद यादव विधान परिषद में पहुंचे और इस दौरान लालू और नीतीश आमने सामने भी हुए, लेकिन दोनों ने बातचीत नहीं की। बता दें कि चुनावी प्रचार के दौरान दोनों के बीच तल्खी बढ़ी हुई है। पत्रकारों के एक सवाल पर लालू यादव ने दावा किया कि बिहार में ४० सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि लंबी-लंबी लाइन लगी है और वोट हमारी तरफ आ रहा है। पीएम मोदी के ४०० पार वाले बयान पर लालू ने कहा पार हो गए हैं, सब पार हो गए हैं्। लोगों को बीजेपी वाले भड़का रहे हैं्। बीजेपी के लोग संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं्। अब जनता जान चुकी है कि बीजेपी बोली है इस बार वह उनके झांसे में नहीं आने वाली।

# सीएम योगी, अखिलेश और मायावती ने की लोगों से मतदान की अपील

**लखनऊ (ईएमएस):** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत मंगलवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो चुका है। इन १० सीटों पर १०० प्रत्याशियों में आठ महिला उम्मीदवार शामिल हैं्।



वोटिंग शुरू होते ही सीएम योगी, सपा मुखिया अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती ने लोगों से वोट डालने की अपील की है। सीएम योगी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, लोकतंत्र के महापर्व का आज तीसरा चरण है। सम्मानित मतदाताओं से अपील है कि विरासत एवं विकास की अवधारणा को निरंतरता देने एवं विकसित भारत की संकल्पना को पूरा किए जाने हेतु मतदान अवश्य करें्। आपका एक वोट भारत को दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में योगदान दे सकता है। याद रखें- पहले मतदान, फिर जलपान। अखिलेश यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, लोकतंत्र और संविधान को बरकरार रखने के लिए अधिक-से-अधिक संख्या में घरों से निकलकर अपना वोट ज़रूर डालें्। वोट डालने का एक दिन पूरी ज़िंदगी के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने भी अपने एक्स अउंकाट पर एक पोस्ट के माध्यम से लोगों वोट करने की अपील की।

मायावती ने लिखा, देश में सात चरणों में हो रहे लोकसभा आमचुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग में पहले की तरह आज भी पहले मतदान फिर जलपान के संकल्प को नहीं भूलना है और अपने वोट की हर प्रकार से रक्षा करते हुए मतदान जरूर करके अपना भविष्य खुद संवारने का यह लोकतांत्रिक अवसर कतई नहीं गंवाना है। उन्होंने आगे लिखा, चुनाव आयोग से भी विशेष आग्रह है कि विरोधी पार्टियों में भी खासकर रूलिंग पार्टी द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता का लगातार किए जा रहे उल्लंघन पर सख्ती से अंकुश लगाए ताकि चुनाव सही, स्वतंत्र व निष्पक्ष हो।

# सनकी बेटे ने पिता की पीटकर की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी):** बिहार में अपराधिक घटना आए दिन बढ़ती जा रही है. ताजा मामला मुजफ्फरपुर के बरूराज का है. दरअसल क्षेत्र में एक सनकी बेटे ने अपने पिता की बांस से पीटकर हत्या कर दी. परिवार के अन्य सदस्यों की शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है. पुलिस का कहना है कि इस मामले जांच चल रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

जानकारी के लिए बता दें कि घटना बरूराज थाना क्षेत्र के अहिरौलिया गांव की हैं. घटना के बाद इलाके में हर काम मच गया है. वही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है. बताया जा रहा है कि अहिरौलिया के रहने वाले राजेंद्र पासवान के पांच बेटे हैं जिसमें से तीन प्रदेश में रहते हैं, दूसरे नंबर वाला बेटा विनोद पासवान मानसिक विक्षिप्त हो चुका है. परिजनों के अनुसार जब से उसकी बीवी छोड़कर गई है तो वह पागलों की तरह बना रहता है, उसी ने आपसी विवाद में पिता राजेंद्र पासवान की बांस से पीट कर हत्या कर दी.आस पड़ोस में रहने वाले लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी. घटना की सूचना सुनकर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है. इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एसकेएमसीएच भेज दिया है.

# शिवम के प्यार में शमा परवीन बनी पूनम, बरेली में लिए साथ फेरे

**बक्सर (एजेंसी):** प्यार की कहानी में बहुत से बार देखा गया है कि लोग अपने प्यार के लिए सब कुछ कर देते हैं. बिहार के बक्सर से एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां शमा परवीन और शिवम वर्मा ने अपने प्यार के लिए सभी मान्यताओं को पार कर दिया है. ये दोनों एक साल से प्यार में थे और एक-दूसरे के साथ रहना चाहते थे, लेकिन उनके परिवारों ने उनके रिश्ते का विरोध किया. शमा परवीन ने अपना नाम बदलकर पूनम कर लिया और बरेली में हिंदू रीति रिवाज के साथ शिवम से शादी कर ली.

दरअसल, बता दें कि शमा परवीन और शिवम वर्मा ने एक साल से एक दूसरे से प्यार किया था. दोनों को एक साथ रहने की ख्वाहिश थी, लेकिन उनके परिवार और समाज में इस रिश्ते का समर्थन नहीं था. फिर भी, उन्होंने अपने प्यार के लिए सभी संघर्षों का सामना किया और घर छोड़ दिया. उनकी कहानी एक दोस्त की शादी में शुरू हुई, जहां शमा और शिवम की मुलाकात हुई. शादी के दौरान उनके बीच दोस्ती बढ़ी और फिर प्यार में बदल गया. इसके बाद उन्होंने मिलकर अपने प्यार का इजहार किया.

बता दें कि इन दोनों के रिश्ते के खिलाफ उनके परिवार के सभी सदस्य थे. शमा के परिवार ने इसे स्वीकार नहीं किया, लेकिन शमा ने अपने प्यार के साथ रहने का फैसला किया. वे शिवम के साथ ही चली गई, परिवार की स्वीकृति का सामना करते हुए. वहां उन्हें आश्रम के आचार्य पंडित केके शंखधर ने सहायता की और उनकी शादी का आयोजन किया. शादी के बाद शमा ने अपना नाम बदल लिया और पूनम बन गई. उन्होंने सनातन धर्म को अपनाया और अपने नए जीवन की शुरुआत की.

# वोटिंग से पहले शिवपाल यादव को कासगंज जिले की सीमा तक छोड़कर आई पुलिस

**बदायूं (ईएमएस):** उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण की वोटिंग से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव को बदायूं जिले से बाहर कर दिया गया। शिवपाल यादव यहां अपने भतीजे पूर्व सांसद धर्मेंद यादव की कोठी पर रहे थे। उनके पुत्र आदित्य बदायूं से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं्।पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल शिवपाल को तीसरे चरण की वोटिंग से ठीक पहले बदायूं पुलिस का लाव लश्कर जिले से बाहर तक ले गया। उन्हें खुद पुलिस कासगंज जिले की सीमा पर छोड़कर आई्।

दरअसल, सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल करीब एक माह से अपने भतीजे और पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव की कोठी पर रह रहे थे। वह यहां अपना निवास स्थान बनाए हुए थे।रविवार की रात को पुलिस उनकी कोठी पर पहुंची, लेकिन शिवपाल यादव वहां नहीं मिले। इसके बाद पुलिस सोमवार को यहां आ पहुंची और दोपहर के वक्त पुलिस प्रशासन की ओर से उन्हें एक नोटिस थमा दिया गया। इसमें लिखा था कि उन्हें जिला छोड़ना होगा। शिवपाल अपने बेटे और यहां से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के चुनाव की तैयारियों और प्रचार आदि को लेकर जिले में डेरा डाले हुए थे लेकिन जैसे ही चुनाव प्रचार समाप्त हुआ तो पुलिस की तरफ से बाहरी नेताओं को जिले से बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया गया। सिविल लाइंस के निरीक्षक गौरव बिश्नोई ने शिवपाल सिंह यादव को नोटिस दिया था।

नोटिस मिलने के बाद शिवपाल यादव अपनी कार लेकर यहां से निकले तो पुलिस की गाड़ी भी उनके पीछे लग गई्। पुलिस उन्हें बदायूं जिले के बाहर कछला बॉर्डर तक छोड़कर आई्। पुलिस अधिकारी के अनुसार चुनाव आयोग के नियमानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ५ मई की शाम को प्रचार थम गया था, ऐसे में कोई बाहरी व्यक्ति जिले में नहीं रह सकता था।

# राम मंदिर का नक्शा ठीक नहीं : रामगोपाल यादव

**लखनऊ (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव का दौर जारी है। सभी पार्टियां लोगों को रिझाने वादे कर रही हैं्। बीजेपी जहां राममंदिर बनाने का लोगों में प्रचार प्रसार कर रही है।



वहीं अब समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने राम मंदिर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने राम मंदिर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मंदिर ऐसे नहीं बनते। राम मंदिर का नक्शा ठीक नहीं बना है. वास्तु के हिसाब से ठीक नहीं बनाया गया है। वो मंदिर बेकार का है।

इससे पहले रामनवमी के मौके पर सपा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा था कि रामनवमी हमेशा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती रही है। रामनवमी को कुछ लोगों ने पेटेंट करा लिया है। यह उनकी बपौती नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि करोड़ों लोग हजारों वर्षों से रामनवमी मनाते आ रहे हैं और इस देश में केवल एक राम मंदिर नहीं है।

उन्होंने कहा था कि मंदिर की अधूरी प्राण-प्रतिष्ठा की गई है और शंकराचार्य इसके खिलाफ थे। रामगोपाल ने कहा था कि मैंने कभी किसी की पूजा नहीं की। मैं दिखावा नहीं करता। मैं भगवान का नाम लेता हूं, लेकिन पाखंडी नहीं हूं। पाखंडी लोग ये सब करते हैं्। भगवान राम इन लोगों को दंड देंगे। बता दें कि इसी साल अयोध्या में तैयार हुए राम मंदिर का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था। राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को समूचे भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया था।

करोड़ों लोगों की निगाहें उस दिन प्रभु श्रीराम पर टिकी हुई थीं्। मंदिर के उद्घाटन होने के बाद से औसतन प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं्। शुरुआती दौर में मंदिर में रखे गए दानपेटी को दिन में कई बार खाली करना पड़ता था।


"सुदृढ़ प्रजातन्त्र हेतु वृहत्तर सहभागिता "

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, धनबाद**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

-: आम सूचना :-

एतद् द्वारा धनबाद लोकसभा अन्तर्गत सभी राजनीतिक दलों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 7–धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है, जिनका धनबाद में आगमन हो गया है।

व्यय प्रेक्षक का नाम, मोबाईल संख्या एवं आवासन स्थल निम्नवत् है:–

| क्रमांक | व्यय प्रेक्षक का नाम | सम्बद्ध लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या एवं नाम | संबंधित विधानसभा सं0 एवं नाम | आवासन | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री आनंद कुमार (IRAS) Observer Code O-21355 | 7–धनबाद | 36–बोकारो<br>37–चन्दनकियारी | धनबाद नया परिसदन, कमरा नं0–02 | 9229601717 |
| 2 | श्री निखिल गोयल [IRS(C&CE)] Observer Code R-34389 | 7–धनबाद | 38–सिन्दरी<br>39–निरसा<br>40–धनबाद<br>41–झरिया | धनबाद नया परिसदन, कमरा नं0–01 | 9229582515 |

सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्त्ता एवं आम मतदाता द्वारा आवश्यकतानुसार दिये गये स्थान पर सुबह 09:30 बजे से 10:30 बजे तक व्यय प्रेक्षक से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, धनबाद

"मत डालना आपका अधिकार है, मतदाता बनें। मतदाता सूची में निबंधन करायें, मतदान का अधिकार पायें।"

PR 324507 Election(24-25).D



"सुदृढ़ प्रजातन्त्र हेतु वृहत्तर सहभागिता "

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, धनबाद**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

-: आम सूचना :-

एतद् द्वारा धनबाद लोकसभा अन्तर्गत सभी राजनीतिक दलों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 7–धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है, जिनका धनबाद में आगमन हो गया है।

सामान्य प्रेक्षक का नाम, मोबाईल संख्या एवं आवासन स्थल निम्नवत् है:–

| क्रमांक | सामान्य प्रेक्षक का नाम | सम्बद्ध लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या एवं नाम | आवासन | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अनूप खिंची, (IAS) OBSERVER CODE G-22783 | 7–धनबाद | धनबाद पुराना परिसदन, कमरा नं0–04 | 9229627347 |

सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्त्ता एवं आम मतदाता द्वारा आवश्यकतानुसार दिये गये स्थान पर सुबह 07:00 बजे से 09:30 बजे तक सामान्य प्रेक्षक से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, धनबाद

PR 324510 Election (24-25)_D

# छठे चरण के तहत स्क्रूटनी के बाद अब कुल 96 उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे




**रांची (ससे):** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को बताया कि छठे चरण के तहत झारखंड के गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए स्क्रूटनी के बाद अब कुल ९६ उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे हुए। गिरिडीह लोक सभा सीट के लिए स्क्रूटनी में सात प्रत्याशी रिजेक्ट किए गए हैं। गिरिडीह लोक सभा सीट के लिए अब १८ उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। धनबाद लोकसभा सीट के लिए तीन कैंडिडेट रिजेक्ट होने के बाद अब २५ प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। रांची लोक सभा सीट के लिए ६ कैंडिडेट का नामांकन रद्द होने के बाद कुल २७ कैंडिडेट चुनावी मैदान में है। जबकि जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए ६ कैंडिडेट का नाम रिजेक्ट होने के बाद २६ प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। छठे चरण के चुनाव के तहत ९ मई तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सातवें चरण के चुनाव के तहत मंगलवार को नोटिफिकेशन जारी हो गया है। राजमहल लोकसभा सीट के लिए पहले दिन एक प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया जबकि गोड्डा लोकसभा सीट के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। दुमका लोक सभा सीट के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राजमहल लोकसभा सीट में पुरुष मतदाताओं से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या है।

## स्क्रूटनी में 22 की उम्मीदवारी रद्द, जब्ती का आंकड़ा एक अरब से ऊपर 1 अरब 10 करोड़ 36 लाख हुआ

**रांची (ससे):** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को बताया कि छठे चरण के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन की स्क्रूटनी में २२ उम्मीदवारों का पर्चा रद्द हो गया है। सबसे अधिक ७ उम्मीदवारों का पर्चा गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से रद्द हुआ है। यहां अब कुल १८ प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से ३ का पर्चा रद्द हुआ है। अब यहां कुल २५ उम्मीदवार बचे हैं।

रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से ६ लोगों का पर्चा खारिज हुआ है। यहां से अब २७ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी ६ लोगों का पर्चा रद्द हुआ है। यहां अब २६ उम्मीदवार बचे हैं। इस चरण में नाम वापसी की अंतिम तारीख ९ मई है। वहीं सातवें चरण के चुनाव में नामांकन के पहले दिन कुल तीन प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उसमें राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक नामांकन दाखिल किया गया है।

गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो लोगों ने नामांकन पत्र भरा है। जबकि, दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पहले दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया। चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा एक अरब से ऊपर जाकर १ अरब १० करोड़ ३६ लाख हो गया है।

# रांची संसदीय क्षेत्र के 6 अभ्यर्थियों के नामांकन में पायी गयी त्रुटि, नामांकन अस्वीकृत




**रांची (ससे):** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए संवीक्षा (स्क्रूटनी) की प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न हो गयी। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या २०७ में पूर्वाह्न ११:०० बजे से अभ्यर्थियों एवं उनके प्रस्तावकों की उपस्थिति में ०८-रांची संसदीय क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बारी-बारी से सभी ३३ अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गयी। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, सहायक निर्वाची पदाधिकारी ६४-हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वरनाथ आलोक, सहायक निर्वाची पदाधिकारी ६३-रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

२७ अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्र स्वीकृत

८-रांची संसदीय क्षेत्र से सभी ३३ अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्र की संवीक्षा में २७ अभ्यर्थियों के नामांकन सही पाये गये।

१. मिंटू पासवान, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट)। २. रामहरि गोप, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया। ३. अरशद अयूब, निर्दलीय। ४. पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)। ५. संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी। ६. हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी। ७. अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी। ८. धनंजय कुमार भगत, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल। ९. मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय। १०. मनोज कुमार, बहुजन समाज पार्टी। ११. निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी। १२. धर्मेंद्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा। १३. बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड पार्टी। १४. देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय। १५. प्रवीण कच्छप, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी। १६. कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय। १७. सर्वेश्वरी साहू, एकल सनातन भारत दल। १८. सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी। १९. यशस्विनी सहाय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस। २०. श्याम बिहारी प्रजापति, भागीदारी पार्टी। २१. विनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी २३. रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) २४. प्रबीण चन्द्र महतो, निर्दलीय। २७. ऐनुल अंसारी, निर्दलीय। २८. संतोष कुमार जायसवाल, निर्दलीय। २९. हेमंती देवी, समता पार्टी ३१. कोलेश्वर महतो, निर्दलीय।

संवीक्षा के दौरान ६ अभ्यर्थियों के नामांकन में त्रुटि पायी गयी, जिसके बाद उनका नामांकन अस्वीकृत कर दिया गया।

नामांकन अस्वीकृत- २२. संदीप उरांव, निर्दलीय। २५. संजय कुमार महतो, निर्दलीय। २६. अमरेंद्र कुमार, झारखंड जनक्रांति मोर्चा। ३०. प्रेमनाथ बड़ाईक, निर्दलीय। ३२. मंजू देवी, निर्दलीय। ३३. सुशील कुमार, स्वराज एकता पार्टी।

**9 मई 24 को अपराह्न 3 बजे तक तक अभ्यर्थी नाम ले सकते हैं वापस**

संवीक्षा के बाद जिन अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत हुए हैं वो दिनांक ९ मई २४ अपराह्न ३ बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन अपराह्न ४ बजे से अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे।

# मुस्लिम समुदाय के कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा

**रांची (ससे):** रांची मे मुस्लिम समुदाय के कई लोगों ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हाईकोर्ट के अधिवक्ता मोहम्मद अनवर के नेतृत्व में सभी भाजपा में शामिल हुए। रांची के विधायक सीपी सिंह ने पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर सबों को सदस्यता दिलाई साथ ही पार्टी में स्वागत और अभिनंदन किया। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि देश की आजादी के बाद से अबतक कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को बरगलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठा डर दिखाकर इन्हें अबतक भाजपा से दूर रखा, लेकिन, भाजपा की सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों का विकास करती है, यह अब लोगों को समझ आ चुका है। इधर, भाजपा मे शामिल होने के बाद मोहम्मद अनवर ने मीडिया से कहा कि भाजपा ही सही मायनों मे अल्पसंख्यकों का विकास कर सकती है।

# सर्च के दौरान उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त एक लुटा हुआ अपाची मोटरसाइकिल बरामद



**रांची (ससे):** पुलिस ने सर्च के दौरान उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त एक लुटा हुआ अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया है। दरअसल बुढ़मू थाना क्षेत्र अंतर्गत टी एस पी सी उग्रवादियों के जमावड़े की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व मे थाना प्रभारी बुडमू, क्यूआरटी एवं झारखंड जगुआर की टीम द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। पुलिस का भनक लगते ही उग्रवादी जंगल में भागने लगे जिन्हें पुलिस टीम द्वारा काफी दूर तक पीछा किया गया परन्तु उग्रवादी घने जंगल एवं पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे।

# कॉंग्रेस बताए ईडी द्वारा बरामद पैसे किसके : अमर कुमार बाउरी

**रांची (ससे):** भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से जानना चाहा है कि गत दो दिन मे ईडी द्वारा बरामद पैसे किसके हैं और क्या इन पैसों का दुरूपयोग लोकसभा चुनाव मे होना था। उन्होंने मंगलवार को कहा कि क्या कारण है कि कांग्रेस विधायक दल के नेता आज अपने नेता राहुल गाँधी की सभा में मौजूद नहीं थे। श्री बाउरी ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव को प्रभावित करने के लिहाज से अधिकारियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। श्री बाउरी ने कहा कि देश आज सुरक्षित हाथों में है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे संविधान की मर्यादा का ज्यादा पालन हो रहा है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बुंडू प्रखंड में वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण में सुस्ती पर जताई नाराजगी, बुंडू के दो मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण




**रांची (ससे):** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां लगातार दिशा-निर्देश दे रहे हैं, वहीं विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर निर्देश पर अमल की निगरानी भी कर रहे हैं।

उसी के तहत मंगलवार को रांची जिले के बुंडू प्रखंड क्षेत्र के दो मतदान केन्द्रों का उन्होंने निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण एवं अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ (एएसडी) सूची के अद्यतीकरण कार्य की गहराई से छानबीन की। उपरोक्त कार्य में शिथिलता मिलने पर नाराजगी जताते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अगर संबंधित पदाधिकारी की लापरवाही के कारण किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार के प्रयोग में परेशानी की शिकायत आई, तो कड़ी कार्रवाई होगी। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य ससमय संपन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के लिए कैलेण्डर तय है।जिनकी भी जहां जिम्मेवारी है उन्हें निर्धारित समय से पूरा करना है।उन्होंने निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने का निर्देश दिया। साथ ही शिथिलता बरते जाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण में तेजी लाते हुए शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही एएसडी की अपूर्ण सूची को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उन्होंने मतदाताओं की सहायता हेतु नियुक्त किये जाने वाले वालिंटियर से संबंधित सूची एवं मतदान केंद्र जागरूकता समूह की सूची का भी अवलोकन कर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बुंडू के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के मतदान केंद्र संख्या ६९ एवं राजेंद्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या ७२ का निरीक्षण किया।

# रांची निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण

**रांची (ससे):** रांची संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सभी संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा मतदाता पर्ची वितरण का पर्यवेक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी सदर, राँची-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, ६३-राँची द्वारा नगड़ा टोली क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या-२७८ के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण का शुभारंभ किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शांति अपार्टमेन्ट में जाकर मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। रेडियम रोड अवस्थित रामेश्वरम अपार्टमेंट में मतदान केन्द्र सं०-६१ में बीएलओ के साथ मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। इसके बाद कार्ट सराय रोड अवस्थित महालक्ष्मी टावर मतदान केन्द्र सं०-१४६ में भी मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ६३-राँची, संबंधित बी० एल० ओ० एवं संबंधित बी० एल० ओ० पर्यविक्षक उपस्थित थे।गौरतलब कि ६३-राँची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण सभी मतदान केन्द्र क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा किया जा रहा है।

बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्ची तथा मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण कर रहे हैं, साथ ही सभी मतदाताओं को बताया जा रहा है कि रांची संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि २५ मई २०२४ निर्धारित है। मतदाताओं को उनके मतदान केन्द्र का नाम, मतदान केन्द्र संख्या एवं मतदाता क्रमांक के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा उनसे मतदान हेतु केन्द्र आने का अनुरोध किया जा रहा है। इस कार्य में बीएलओ के साथ बीएलओ पर्यविक्षक एवं सफाई कर्मी वितरण में सहायता प्रदान कर रहे हैं।

# दरिंदे पति ने पिता और भाई सहित कई पुरुषों से करवाया पत्नी का बलात्कार

## राजस्थान के चूरू से दिल दहला देने वाला मामला

**चूरू (ईएमएस):** राजस्थान के चूरू में एक पति पिछले २० सालों से पत्नी के साथ हैवानियत कर रहा था। वह दरिंदा अपने पिता और भाई सहित कई पुरुषों से अपनी पत्नी का रेप करा रहा था। शादीशुदा पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसका पति चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाता था। बेहोश होने के बाद अनजान लोग मुझे हवस का शिकार बनाते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, शादीशुदा महिला ने ८ लोगों पर रेप का आरोप लगाया है।

इसमें महिला का ससुर और देवर भी शामिल हैं। पीड़ित महिला ने बताया कि नशीला पदार्थ देकर पहले उसका पति उसे बेहोश करता था। फिर उसके साथ दुष्कर्म किया जाता था। विरोध करने पर पति बेरहमी से मारता-पीटता था। महिला के चार बच्चे हैं। महिला ने बताया कि उसके साथ यह हैवानियत पिछले १५-२० सालों से की जा रही है। उसके पति ने कई लोगों से उसका रेप कराया है। अपनी शिकायत में महिला ने ८ पुरुषों का नाम लिया है। महिला ने बताया कि एक बार विरोध करने पर उसका पति गला काटने के लिए दौड़ा लिया था, हालांकि तब किसी तरह उसने जान बचाई थी। जानकारी के मुताबिक, महिला के तीन बच्चे उसके भाई के साथ रहते हैं। महिला ने बताया कि उसका पति उसके भाई को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# झूठे रेप केस में 4 साल बाद आरोपी रिहा, लड़की को मिली उतने ही साल की सजा

**बरेली (ईएमएस):** यूपी के बरेली में महिलाओं के अत्याचार में फंसे एक लड़के को बिना किसी कारण बिना किसी गलती के ४ साल की जेल की सजा मिली। युवती इस पूरे षडयंत्र के तहत युवक को फंसाया और अदालत में सुनवाई के दौरान अपनी गवाही से मुकर गई तो इस मामले का खुलासा हुआ। हकीकत जब अदालत के सामने आई तो कोर्ट फैसला सुनाते हुए लड़के को दोष मुक्त किया और लड़की को भी उतनी ही सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि जितने दिन की लड़के ने सजा काटी है, उतने ही दिन की सजा लड़की को भी जेल में काटनी होगी। इसके अलावा अदालत ने आर्थिक जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा है यदि लड़का जेल के बाहर रहता तो काम मजदूरी करते हुए इतने समय में ५,८८००० से अधिक रुपए कमा लेता। इसलिए लकड़ी से यह रकम वसूल करके लडके को दी जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो लड़की को ६ महीने की अतिरिक्त सजा भी होगी। बताया जा रहा है कि २ सितंबर, २०१९ को बारादरी थाने में लडके पर बेटी के अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने लड़के को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस पूरे मामले में लड़की ने लड़के पर नशीला प्रसाद खिलाने और दिल्ली ले जाकर कमरे में बंद कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। जानकारी के अनुसार इस मामले में अदालत में गवाही के दौरान लड़की मुकर गई, जिसके बाद अदालत ने लड़के को दोषमुक्त करार दिया। इस पूरे मामले में झूठी गवाही देने के लिए लड़की पर मुकदमा दर्ज किया गया। इस घटना मे अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा इस तरह की महिलाओं के कृत्य से वास्तविक पीड़िताओं को नुकसान उठाना पड़ता है। अदालत ने कहा कि यह समाज के लिए बेहद गंभीर स्थिति है। अपने मकसद की पूर्ति के लिए पुलिस व कोर्ट को माध्यम बनाना आपत्तिजनक है। आगे कहा कि अनुचित लाभ के लिए महिलाओं को पुरुषों के हितों पर आघात करने की छूट नहीं दी जा सकती।

अदालत ने कहा कि यह मुकदमा उन महिलाओं के लिए नजीर बनेगा, जो पुरुषों से वसूली के लिए झूठे मुकदमे लिखाती हैं।

# सोशल मीडिया पर चला मतदाता जागरूकता अभियान

**रांची (ससे):** मतदाता जागरूकता को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के कार्यालय द्वारा मैं भी चुनाव राजदूत हैशटैग अभियान (ट्विटर) पर संध्या में ट्रेंडिंग में आ गया। इस हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर को धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित इस सफल अभियान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए। इस तरह के अभियान से सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करने में सहायता प्राप्त होगी।

# यूजीसी की राजभाषा निरीक्षण समिति ने किया सीयूजे का दौरा

**रांची (ससे):** मंगलवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दो सदस्यीय समिति ने झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दौरा किया।

इस अवसर पर सीयूजे के कुलपति प्रो. के.बी. दास ने समिति के सदस्य के तौर पर पधारे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव एवं राजभाषाई निरीक्षण अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह चौहान एवं यूजीसी के उप सचिव एवं राजभाषाई निरीक्षण समिति के सदस्य जितेन्द्र का स्वागत एवं सम्मान पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर किया।

स्वागतोपरान्त निरीक्षण के प्रारंभ में कुलपति प्रो. के.बी. दास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ । बैठक में पिछले एक वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग, उपयोग एवं प्रचार सम्बन्धी कार्यों को लेकर पीपीटी के माध्यम से सीयूजे के प्रभारी हिंदी अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार 'सत्यार्थी' द्वारा प्रस्तुति दी गयी।

बैठक में विश्विद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विभागों द्वारा हिंदी में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। विश्वविद्यालय के हिन्दी कार्यान्वयन संबंधित उपलब्धियों पर निरीक्षण अधिकारियों द्वारा समाधान जताया गया और बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया गया। बैठक के उपरांत निरीक्षण समिति के सदस्यों ने विश्वविद्यालय स्थित विवेकानंद पुस्तकालय, प्रशासनिक कार्यालय, वित्त विभाग, परीक्षा विभाग एवं कुछ शैक्षणिक विभागों का निरीक्षण भी किया । निरीक्षण अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह चौहान ने हिंदी अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार 'सत्यार्थी' के कार्यों की सराहना की तथा विश्वविद्यालय को हिंदी में अधिक से अधिक साहित्यों के लेखन के साथ साथ महापुरुषों की जीवनियों से सम्बंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को विश्वविद्यालय की दीवारों पर लिखने की सलाह दी।

निरीक्षण के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव के. के. राव, विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई क्यू ए सी) के निदेशक प्रो आर के डे, संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) प्रो मनोज कुमार, संकायाध्यक्ष (छात्र कल्याण) प्रो रत्नेश विश्वक्सेन, वित्त अधिकारी श्री पी. के. पंडा, परीक्षा नियंत्रक बीबी मिश्रा, आंतरिक लेखा परीक्षा प्रो विमल किशोर, पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ सुजीत कुमार पाण्डेय, उप कुलसचिव अब्दुल हलीम, प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ अमृत कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता सप्ताह का आयोजन




**रांची (ससे):** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के मानविकी और सामाजिक विज्ञान स्कूल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के सहयोग से मतदाता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता से जुड़े विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, लेख एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जागरूकता सप्ताह के समापन के अवसर पर मानविकी और सामाजिक विज्ञान स्कूल के डीन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने कहा, अगर हम अपने मत का प्रयोग करने में कोताही करेंगे तो हम अपने लिए गलत शासक को सत्ता में काबिज होने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। अगर हम लोकतंत्र के प्रति निष्ठा रखते हैं और इसकी बुनियाद को मजबूत करना चाहते हैं तो हमे अपने मत का निश्चित तौर पर उपयोग करना होगा, हर हालत और हालात में करना होगा, तभी सुशासन कायम किया जा सकता है।भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रेयेना खान ने कहा की लोकतंत्र हममें है और लोकतंत्र हमसे है, इसकी रक्षा करना हमारा धर्म है, हमारा कर्म है, और इसका एकमात्र साधन मतदान है । आत्मदेव ठाकुर ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कभी इस राज्य का विधान सभा चुनाव तो कभी दूसरे राज्य का विधान सभा चुनाव और कभी लोकसभा चुनाव की वजह से देश के संसाधनों का दुरुपयोग होता है । भारत में इतने तरह के मौसम नहीं होते जितने समय के अंतराल में चुनाव हो जाते हैं । लद्दाख से आने वाले स्टैनज़िन त्सेतान ने अपने भाषण में बताया की भारत के राजनीतिक अभियान जमीनी स्तर पर बातचीत से लेकर डिजिटल प्रभुत्व, गलत सूचना जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस परिस्थिति में मतदाताओं को सावधान रहने की जरुरत है ।प्रतियोगिताओं में सभी संकाय एवं विभाग के बच्चों ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर डीन डॉ अलोक गुप्ता, डॉ रवि रंजन, डॉ अपर्णा, डॉ बिभूति भूषण बिस्वास, डॉ सुभाष कुमार बैठा और शोध छात्रों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस श्रृंखला में नुक्कड़ नाटक और ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया जायेगा। इसके माध्यम से झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र आस-पास के लोगों को मतदान का महत्व समझायेंगे और उन्हें जागरूक करेंगे।

# संपादकीय

## घाटी में आतंकियों की सक्रियता, सरकार के दावे पर सवाल

चिंता की बात यह भी है कि आतंकी उन इलाकों में भी सक्रिय देखे जा रहे हैं, जहां वर्षों से लगभग शांति थी। पीर-पंजाल के इलाके में फिर से आतंकियों का सक्रिय हो जाना पाकिस्तान की तरफ से मिल रही गंभीर चुनौती की तरह है। ताजा घाटी में दहशतगर्दी पर काफी हद तक काबू पा लेने के सरकारी दावे के बरक्स हकीकत यह है कि पिछले कुछ सालों में वहां आतंकी हमले बढ़े हैं। पुंछ के शाहसितार इलाके में वायुसेना के वाहन पर हुआ हमला इसकी ताजा कड़ी है। शनिवार को घात लगा कर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें पांच सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में उनमें से एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। आतंकियों की तलाश जारी है। हेलिकाप्टर से भी उनकी टोह ली जा रही है। बताया जा रहा है कि ये आतंकी पाकिस्तान से आए थे। उनमें से दो आतंकियों के रेखाचित्र जारी कर उनके बारे में जानकारी देने वाले को बीस लाख रुपए इनाम की घोषणा भी कर दी गई है।

सरकार लगातार कहती आ रही है कि घाटी में आतंकवादियों की गतिविधियों को समेट दिया गया है। अब वे एक सीमित क्षेत्र में सक्रिय रह गए हैं। उन्हें भी जल्दी खत्म कर दिया जाएगा। मगर हैरानी की बात है कि सरकार के इस दावे को धता बताते हुए आतंकी लगातार कभी लक्षित हिंसा करके ध्यान भटकाने, तो कभी सेना के काफिले पर घात लगा कर हमला करने में कैसे कामयाब हो जा रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि आतंकी उन इलाकों में भी सक्रिय देखे जा रहे हैं, जहां वर्षों से लगभग शांति थी। पीर-पंजाल के इलाके में फिर से आतंकियों का सक्रिय हो जाना पाकिस्तान की



तरफ से मिल रही गंभीर चुनौती की तरह है। ताजा हमला उसी इलाके में हुआ है। वह पाकिस्तान से सटा घने जंगलों और चट्टानों वाला दुर्गम इलाका है। भारतीय सेना ने बहुत पहले उस इलाके में पाकिस्तान पोषित आतंकी गतिविधियों पर विराम लगा दिया था। यह पिछले एक पखवाड़े में तीसरी आतंकी घटना है। इसके पहले आतंकियों ने दो स्थानीय नागरिकों की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इसके पहले सेना और पुलिस ने कुछ तलाशी अभियानों में आतंकवादियों को मार गिराया था। ये हमले उन्हीं की प्रतिक्रिया में किए गए लगते हैं। मगर इन घटनाओं से यह भी जाहिर है कि सेना और सुरक्षाबलों को दहशतगर्दों की रणनीति समझने में चूक हो रही है। वे समय-समय पर अपनी रणनीति बदलते रहते हैं। कई बार वे लक्षित हिंसा का सहारा केवल इसलिए लेते हैं कि ध्यान भटकाया जा सके। फिर वे घात लगा कर सेना के काफिले पर हमला इस मकसद से करते हैं कि अधिक से अधिक नुकसान पहुंचा सके। बार-बार हो रहे ऐसे हमले गंभीर चिंता का विषय हैं।

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और सेना की तैनाती बढ़ाने के बाद दावे किए गए थे कि जल्दी ही घाटी से दहशतगर्दी को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। अब जब आतंकवादियों को मिलने वाले वित्तीय, स्थानीय और हर तरह के सहयोग पर अंकुश लगाया जा चुका है, पहले की तुलना में खुफिया तंत्र अधिक सक्रिय है, तब भी अगर आतंकवादी न केवल सुरक्षाबलों को चकमा देने में कामयाब हो जा रहे हैं, बल्कि उनकी सक्रियता लगातार बनी हुई है, तो इस विषय में नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद तीन सौ सत्तर को खत्म हुए भी पांच वर्ष होने को आ रहे हैं। अभी तक वहां विधानसभा चुनाव कराने में अड़चनें दूर नहीं हो पा रहीं। अगर इन घटनाओं के पीछे पाकिस्तान का हाथ है, तो उससे निपटने की रणनीति बनानी चाहिए।

## सोशल मीडिया से...



महात्मा गांधी जी, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी और हमारे तमाम महापुरुषों ने आंदोलन किया ताकि जनता के अधिकार मजबूत हों। वे सोच भी नहीं सकते थे कि एक ऐसी सरकार आएगी जो उन्हीं को देशद्रोही कहते हुए, ये कहेगी कि हमें 400 सीट दे दो तो हम संविधान बदल देंगे। वे सोच भी नहीं सकते थे कि हमारी जनता को कमजोर करने की कोशिश खुद सरकार करेगी।

**प्रियंका गांधी वांड्रा**, कांग्रेस महासचिव

मेरे प्रिय साथी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है - ये हमारे लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। जब तक कांग्रेस का एक भी कार्यकर्ता सच्चाई के लिए खड़ा है, तब तक भारत में नफ़रत नहीं जीत सकती - और हम एक नहीं, करोड़ों हैं। मिलकर लड़ेंगे, जीतेंगे और देश के हालात बदल देंगे।

**राहुल गांधी**, सांसद





मैं चाहती हूं कि आप सभी विद्यार्थी कितनी भी मुश्किल परिस्थिति में हों, बुराई को कभी भी हावी न होने दें। बुराई का मार्ग कितना भी सुगम क्यों न हो, हमेशा अच्छाई का ही पक्ष लें। करुणा, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्यों को अपने जीवन का आदर्श बनाएं। इन मूल्यों पर आधारित आपका जीवन सफल होने के साथ-साथ सार्थक भी होगा।

**द्रौपदी मुर्मू**
भारत की वर्तमान राष्ट्रपति

आज बंगाल के कृष्णानगर, बर्धमान-दुर्गापुर और बिहार की उजियारपुर लोकसभा के बहनों-भाइयों के बीच रहूँगा।जनता विपक्ष की तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति को हमेशा के लिए समाप्त करने और मोदी जी को 400 सीट देने का मन बना चुकी है।

**अमित शाह**, गृहामंत्री



## आज का कार्टून




## रेगिस्तान में पानी की मृग तृष्णा हुई पूरी

-विनीत नारायण

एक ही महीने में दूसरी बार दुबई में बादल फटने से बाढ़ के हालात पैदा हो गए। रेगिस्तान की तपती रेत में पानी का मिलना सदियों से एक आकस्मिक और चमत्कारिक घटना माना जाता है।एक ही महीने में दूसरी बार दुबई में बादल फटने से बाढ़ के हालात पैदा हो गए। रेगिस्तान की तपती रेत में पानी का मिलना सदियों से एक आकस्मिक और चमत्कारिक घटना माना जाता है। तपती रेत पर हवा गर्म हो कर कई बार पानी होने का भ्रम देती है और प्यासा उसकी तलाश में भटकता रहता है। इसे ही मृग तृष्णा कहते हैं। जब से खाड़ी के देशों में पैट्रो-डॉलर आना शुरू हुआ है तब से तो इनकी रंगत ही बदल गई।

दुनिया के सारे ऐशो आराम और चमक दमक इनके शहरों में छा गई। अकूत दौलत के दम पर इन्होंने दुबई के रेगिस्तान को एक हरे-भरे शहर में बदल दिया। जहां घर-घर स्विमिंग पूल और फव्वारे देख कर कोई सोच भी नहीं सकता कि ये सब रेगिस्तान में हो रहा है। पर जैसे ही आप दुबई शहर से बाहर निकलते हैं आपको चारों ओर रेत के बड़े-बड़े टीले ही नजर आते हैं। न हरियाली और न पानी। इन हालातों में यह स्वाभाविक ही था कि दुबई का विकास इस तरह किया गया कि उसमें बरसाती पानी को सहेजने की कोई भी व्यवस्था नहीं है।



इसलिए जब 75 साल बाद वहां बादल फटा तो बाढ़ के हालात पैदा हो गए। कारें और घर डूब गए। हवाई अड्डे में इतना पानी भर गया कि दर्जनों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। एक तरफ इस चुनौती से दुबई वासियों को जूझना था और दूसरी तरफ वे इतना सारा पानी और इतनी भारी बरसात देख कर हर्ष में डूब गए। पर ऐसा हुआ कैसे? क्या यह वैश्विक पर्यावरण में आए बदलाव का परिणाम था या कोई मानव निर्मित घटना? खाड़ी देशों में आई इस बाढ़ की वजह को कुछ विशेषज्ञों ने 'क्लाऊड सीडिंग' यानी कृत्रिम बारिश को बताया है। जब एक निश्चित क्षेत्र में अचानक अपेक्षा से कहीं गुना ज्यादा बारिश हो जाती है, तो उसे हम बादल फटना कहते हैं। हालांकि,हाल ही में प्रकाशित एक समाचार के अनुसार अमरीकी मौसम वैज्ञानिक रयान माऊ इस बात को मानने से इंकार करते हैं कि दुबई में बाढ़ की वजह 'क्लाऊड सीडिंग' है। उनके मुताबिक खाड़ी देशों पर बादल की पतली लेयर होती है। वहां 'क्लाऊड सीडिंग' के बावजूद इतनी बारिश नहीं हो सकती है कि बाढ़ आ जाए। 'क्लाऊड सीडिंग' से एक बार में बारिश हो सकती है। इससे कई दिनों तक रुक-रुक कर बारिश नहीं होती जैसा कि वहां हो रहा है। माऊ के मुताबिक अमीरात और ओमान जैसे देशों में तेज बारिश की वजह 'क्लाइमेट चेंज' है। जो 'क्लाऊड सीडिंग' पर इल्जाम लगा रहे हैं वह ज्यादातर उस मानसिकता के हैं जो ये मानते ही नहीं कि 'क्लाइमेट चेंज' जैसी कोई चीज होती है। 'क्लाऊड सीडिंग' तकनीक हमेशा से बहस का विषय बनी रही है। दशकों के शोध से स्थैतिक और गतिशील बीजारोपण तकनीकें सामने आई हैं। ये तकनीकें 1990 के दशक के अंत तक प्रभावशीलता के संकेत दिखाती हैं। परंतु कुछ संशयवादी लोग सार्वजनिक सुरक्षा और पर्यावरण के लिए संभावित खतरों पर जोर देते हुए 'क्लाऊड सीडिंग' के ख़तरों पर ज़ोर देते हुए इसके खिलाफ शोर मचाते रहे हैं। चूंकि सरकारें और निजी कंपनियां जोखिमों के बदले लाभ को ज्यादा महत्व देती हैं, इसलिए 'क्लाऊड सीडिंग' एक विवाद का विषय बना हुआ है। जबकि कुछ देशों में इसे कृषि और पर्यावरणीय उद्देश्यों के लिए अपनाया जाता है। इतना ही नहीं अन्य संभावित परिणामों से अवगत होकर ऐसे देश इस पर सावधानी से आगे बढ़ते हैं। यदि इतिहास की बात करें तो 'क्लाऊड सीडिंग' का आयाम वियतनाम युद्ध के दौरान 'ऑपरेशन पोपेय' जैसी घटनाओं से मेल खाता है। उस समय मौसम में संशोधन एक सैन्य उपकरण था। विस्तारित मानसून के मौसम और परिणामी बाढ़ के कारण 1977 में एक अंतर्राष्ट्रीय संधि हुई जिसमें मौसम संशोधन के सैन्य उपयोग पर रोक लगा दी गई। रूसी संघ और थाईलैंड जैसे देश हीटवेव और जंगल की आग को दबाने के लिए इसका सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं, जबकि अमरीका, चीन और ऑस्ट्रेलिया सूखे को कम करने के लिए वर्षा के दौरान पानी के अधिकतम उपयोग के लिए इसकी क्षमता का उपयोग कर रहे हैं।

संयुक्त अरब अमीरात में इस तकनीक का उपयोग अपनी कृषि क्षमताओं का विस्तार करने और अत्यधिक गर्मी से लडने् के लिए सक्रिय रूप से किया जाता है। आर्थिक लाभ के लिए सरकारें और उद्योगपति कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। यही बात 'क्लाऊड सीडिंग' के मामले में भी लागू होती है। जबकि 'क्लाऊड सीडिंग' लंबे समय तक बने रहने वाले स्वास्थ्य जोखिमों पर भी गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है। आधुनिकता के नाम पर जैसे-जैसे हम 'क्लाऊड सीडिंग' के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, विशेषज्ञों द्वारा इसके सभी आयामों पर शोध करना एक नैतिक अनिवार्यता है।

## बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य बीमा को लेकर नीतिगत पहल करने की जरूरत

हमारे देश में सामान्य तौर पर बुजुर्गों की अहमियत है। सभी अपने घर के बड़े-बूढ़ों का खयाल रखने की कोशिश करते हैं। मगर उनकी सामाजिक सुरक्षा को लेकर अपेक्षित नीतिगत व्यवस्था की कमी रही है। खासकर ढलती उम्र में उनके स्वास्थ्य का खयाल रखने के लिए बीमा जैसी व्यवस्था में भी अभी तक उनके लिए पर्याप्त जगह नहीं रही है।

यह बेवजह नहीं है कि बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा के मामले में भारत एशिया-प्रशांत देशों में सबसे निचले पायदान पर है। 'एजिंग वेल इन एशिया' शीर्षक से गुरुवार को जारी एशियाई विकास बैंक की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत को तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने और वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाना वक्त का तकाजा है। हालांकि गरीब लोगों को नकदी रहित स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजना आने के बाद से बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं का विस्तार हुआ है, लेकिन इस ओर विशेष ध्यान देना समाज और देश के हित में है, क्योंकि अधिक उम्र वाले लोगों की मौजूदगी से मिलने वाला 'लाभांश' ज्यादा हो सकता है। दरअसल, बदलती स्थितियों में बुजुर्गों को अपनी सेहत के लिहाज से ज्यादा संसाधनों की जरूरत पड़ती है। परिवार और समाज के अतिरिक्त व्यवस्थागत ढांचे में कुछ ऐसे नियम-कायदे हैं, जिनमें कई बार बुजुर्गों को या तो उपेक्षा झेलनी पड़ती या फिर उन्हें कमतर सुविधाएं मिलती हैं। मसलन, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमा के मामले में देखें तो ज्यादा उम्र के लोगों के लिए जैसी शर्तें रखी गई हैं, उसमें उनका कोई विशेष लाभ नहीं मिल पाता।

जबकि बढ़ती उम्र के साथ सेहत के लिहाज से कई ऐसी स्थितियां पैदा होती हैं, जिनमें उन्हें स्वास्थ्य बीमा की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है। हालांकि अब बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने बुजुर्गों को भी बीमा खरीदने की सुविधा प्रदान कर दी है। पर स्वास्थ्य बीमा का खर्च कम और उनकी पहुंच में होना चाहिए। इस संदर्भ में देखें तो एशियाई बैंक विकास की ताजा रिपोर्ट नीतिगत स्तर पर ठोस पहल की जरूरत को रेखांकित करती है।

## ऋणों का बोझ और किसानों की बढ़ती आत्महत्याएं

भारत के कुल भू-भाग के केवल 1.5 प्रतिशत पर काबिज रहने के बावजूद पंजाब भारत के सकल घरेलू उत्पाद में उल्लेखनीय 2.5 प्रतिशत का योगदान देता है। पंजाब की कृषि अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है जो निर्वाह-आधारित स्थानीय अर्थव्यवस्था से वाणिज्यिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ एक बाजार-उन्मुख अर्थव्यवस्था में बदल गया है। कृषि परिवर्तन का पंजाब माडल 1960 के दशक में अनुभव की गई खाद्य कमी की प्रतिक्रिया के रूप में उभरा। इस अवधि के दौरान राष्ट्र को सीमित संसाधनों के कारण विदेशी स्रोतों से खाद्यान्न की खरीद में चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

सूखे और संसाधनों के परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के कारण 1965-66 की अवधि के दौरान भारत में घरेलू खाद्यान्न उत्पादन 72 मिलियन टन अनुमानित था, जो लगभग 90 मिलियन टन की बाजार मांग से कम था। खाद्य आयात की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई जो 1961 में 3.5 मिलियन टन से बढ़कर 1964 में 6.27 मिलियन टन हो गई और 1966 में 10.36 मिलियन टन के रिकार्ड शिखर पर पहुंच गई। हरित क्रांति 1970 में नॉर्मन बोरलॉग द्वारा अनाज उत्पादकता बढ़ाने के लिए शुरू की गई एक पहल थी। किसानों को उच्च उपज देने वाली किस्मों को अपनाने के लिए प्रेरित करने वाले प्राथमिक कारकों में से एक मंडी के रूप में जानी जाने वाली कृषि विपणन प्रणाली की स्थापना थी।गेहूं और धान के लिए एक खरीद योजना लागू की गई थी, जिससे मंडी में निर्दिष्ट गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाले अनाज की किसी भी मात्रा की खरीद की अनुमति दी गई थी। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी पर खरीद सुनिश्चित की (एम.एस.पी.)। इसलिए, इस प्रणाली ने किसानों को उनके निवेश पर अनुकूल लाभ का आश्वासन दिया। 2015 की शांता कुमार समिति की रिपोर्ट के साथ कई विद्वानों ने कहा कि मंडी प्रणाली अपने छोटे समकक्षों की तुलना में बड़े पैमाने पर किसानों का पक्ष लेती है।



हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि बड़े किसान भी वर्तमान में चुनौतियों और दबावों का सामना कर रहे हैं। पंजाब में ग्रामीण ऋण का मुद्दा कई दशकों से बना हुआ है। मैल्कम डार्लिंग की प्रभावशाली कृति, 'पंजाब पीजेंट इन प्रॉस्पेरिटी एंड डेट' एक जीवंत चित्रण प्रदान करती है। कुछ हद तक भिन्नता के बावजूद आज भी ऐसी ही स्थिति है। यह स्पष्ट है कि सर्वेक्षण किए गए अधिकांश किसानों (36.10 प्रतिशत) ने घरेलू उपभोग और सामाजिक समारोहों पर अत्यधिक खर्च करने के लिए अपने ऋण को जिम्मेदार ठहराया। ग्रामीण पंजाब में आत्महत्या की समस्या ने समय-समय पर मीडिया का ध्यान आर्कषित किया है। 1998 में कुमार और शर्मा द्वारा किए गए अध्ययन को व्यापक रूप से पंजाब में आत्महत्याओं की सबसे व्यापक जांच माना जाता है। इस शोध के अनुसार, देश के समग्र रुझानों के अनुरूप, भारत के पंजाब में आत्महत्या की दर उच्च दर से बढ़ रही है। 1985 से 1990 की अवधि के दौरान, पूरे भारत की औसत विकास दर 27.14 प्रतिशत थी, जबकि पंजाब ने 35.85 प्रतिशत की उच्च वृद्धि का प्रदर्शन किया। 1990 से 1995 की अवधि के दौरान भारत में कुल वृद्धि 8.99 प्रतिशत थी। इसके विपरीत इसी अवधि के दौरान पंजाब में 136.11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शोध अध्ययन, जो सुखपाल सिंह, मंजीत कौर और एच.एस. किंगरा द्वारा आयोजित किया गया था, 6 जिलों के सभी गांवों में डोर-टू-डोर सर्वेक्षण करके मौतों की कुल संख्या को मजबूत करने का लक्ष्य रखा। इस शोध के अनुसार, संगरूर जिले में आत्महत्या के सबसे अधिक 2,506 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद मानसा जिले में 2,098 मामले, बठिंडा जिले में 1,956 मामले, बरनाला जिले में 1,126 मामले, मोगा जिले में 880 मामले और लुधियाना जिले में 725 मामले रिकार्ड किए गए। पंजाब के किसानों की बढ़ती आत्महत्या दर के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। किसानों को व्यर्थ के खर्च से बचने और सिंचाई संरचना निवेश को अनुकूलित करने के बारे में शिक्षित करना महत्वपूर्ण है। कपास जैसी नकदी फसलों के लिए, जो उपज और मूल्य में उतार-चढ़ाव करती हैं, फसल बीमा में सुधार किया जाना चाहिए। किसानों को घटती आय और वित्तीय कठिनाइयों से निपटने में मदद करने के लिए, फसल विफलताओं के लिए वैकल्पिक ऋण निपटान प्रणालियों की आवश्यकता है। गैर-संस्थागत ऋणदाताओं को किसानों से उच्च ब्याज दर वसूलने और उन्हें कर्ज में फंसाने से रोकने के लिए कानूनों की आवश्यकता है। सरकार को ग्रामीण साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए इन स्थानों में शैक्षिक बुनियादी ढांचे में सुधार पर जोर देना चाहिए। पंजाब कृषि का भविष्य संसाधन संरक्षण, स्थिरता और दक्षता पर निर्भर करता है। किसानों के मुनाफे में कमी आई है। फसल पालन, संबद्ध कृषि और गैर-कृषि उद्यमों और ग्रामीण कृषि-प्रसंस्करण सहित राज्यों की कृषि अर्थव्यवस्थाओं में विविधता लाना जरूरी है। फसल पालन में विविधता लाने के लिए राज्य को कई कृषि-जलवायु समरूप क्षेत्रों में विभाजित करें। कृषि पेशेवरों के अनुसार, एक निश्चित क्षेत्र के किसानों को केवल 'सबसे उपयुक्त' फसलें ही उगानी चाहिए। कृषि मजदूरों के बीच आत्महत्या के मुद्दे को हल करने के लिए प्राथमिक नीतिगत उपायों में वित्तीय मुआवजा प्रदान करना, ऋण माफ करना, पीड़ितों के परिवारों के लिए स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करना, मजदूरी वृद्धि और भूमि अधिकारों से संबंधित उनके कानूनी अधिकारों की रक्षा करना और कृषि औद्योगीकरण को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।



# पति को कराएं
## बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास

**एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है।**

बच्चे को सही परवरिश देना मां और पिता दोनों का काम होता है, पर बच्चे की परवरिश का जिम्मा मां पर ही आता है। अगर आप चाहती हैं कि आपके पति को भी बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास हो तो इन बातों का ध्यान रखें।



### बताएं आप उनकी मदद लेना चाहती हैं

बच्चा होने के बाद कुछ पुरूष यह चाहते हैं कि वो बच्चे की देखभाल करें, पर महिलाएं अक्सर इस संकोच में कि बच्चे का काम पति सही ढंग से कर पाएंगे या नहीं, सोच उनको मना कर देती हैं। अगर आपके पति बच्चे के पालन-पोषण में आपकी मदद करना चाहते हैं तो उनका यह प्रस्ताव सहर्ष स्वीकार कर लें। उन्हें अपने तरीके से बच्चों की केयर करने दें, हर समय टोकें न, अगर वो कहीं गलत है, तो उन्हें प्यार से बताएं।

### भूमिका आनंददायक है

एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है। आप उन्हें बताएं कि एक बच्चे की देखभाल करने में जिम्मेदारी तो है, पर इसमें आनंद भी खूब है। बच्चा जब छोटी-छोटी हरकतें करता है तो उन्हें देखने में कितना मजा आता है। इस तरह की बातें जब आप उनसे शेयर करेंगी तो वो खुद ब खुद इसमें रूचि दिखाने लगेंगे।

### ग्रुप बनाएं पिता भी

पुरूष अक्सर बच्चों के बारे में बात करने से बचते हैं। महिलाएं तो कई बार ग्रुप में जाकर बच्चों की परेशानियां, आदतें आदि के बारे में चर्चा कर लेती हैं, पर पिता को ऐसा नहीं करते। आप पति को प्रोत्साहित करें कि वो फेसबुक, ब्लॉग, फ्रेंड सर्कल में पिताओं के ग्रुप में शामिल हों। इससे वो सारी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं, साथ ही अन्य पुरूषों से अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और उनके अनुभव से सीख सकते हैं।

### प्राथमिकता निर्धारित कर उनसे सहयोग मांगें

मां होने के नाते आप प्राथमिकता तय कर लें कि किन-किन बातों में आपको अपने पति की जरूरत पड़ सकती है। यह निर्धारित करने के बाद आप उन्हें बताएं कि आपको उनके सहयोग की कितनी जरूरत है। ऐसा करने से आप एक अच्छा वक्त एक-दूसरे के साथ बिता सकते हैं।

### यादों को रखें सहेज कर

आप अपने पति से पूछें कि फादरहुड के दौरान वो कौन-सी पांच बातें थीं, जिनसे उन्हें बेहद खुशी मिली। आप उन सारी बातों को एक छोटी-सी नोटबुक में नोट करें। अगर उससे जुड़ी फोटो आपको पास है तो उसे भी चिपकाएं, ऐसा करने से आप इन छोटी-छोटी और प्यारी बातों को ताउम्र सहेज कर रख सकेंगी।

# चमकाएं बाल और त्वचा



अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढ़िया सेहत से भी नवाजेंगी।

### विटामिन ए से भरपूर चीजें

**क्या लें:** गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर

**फायदा:** इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

### सूखे मेवे

**फायदा:** इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

### विटामिन सी वाली चीजें

**फायदा:** नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

### अलसी के बीज

**फायदा:** खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटाामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

### विटामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं: चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।

तौर-तरीके बदलकर

# खुश रहना सीखें



**मन खुश हो, तो तन दुरूस्त रहता है। इसलिए खुश रहने के लिए इन सुझावों को आजमा कर देखें -**

**खुद को एक्सप्रेस करें:** अमरीका की वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अनुसार खुद को खुलकर अभिव्यक्त करने से मन में खुशी के भाव आते हैं।

**दूसरों के लिए कुछ करें :** फोर्ब्स डॉट कॉम के शोध के मुताबिक दूसरों के लिए कुछ करने से खुशी मिलती है। जब हम किसी की मदद करते हैं, अपनों को उपहार देते हैं या उन पर खर्च करते हैं, तो मन को सुकून मिलता है।

**सकारात्मक सोचें:** अपनी सोच सकारात्मक रखें और ऐसे लोगों के साथ रहें, जिनसे आपको प्रेरणा मिल सके।

दोस्तों व रिश्तेदारों से अच्छा व्यवहार रखें। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉयस के वैज्ञानिकों ने 30 साल तक एक लाख लोगों पर शोध के बाद पाया कि शिक्षा, राजनीति,सैलरी और संबंधों में से सबसे ज्यादा खुशी लोगों को अच्छे संबंधों से होती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं क्योंकि डिहाइड्रेशन होने से कई बार मूड चिड़चिड़ा हो जाता है।



# खुद से करें प्यार का वादा

**खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिंदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।**

नया साल हमें जिंदगी को एक बार फिर नए तरीके से जीने के लिए कहता है। नए साल पर आप अपने से यह वादा करें कि हमेशा अपने आप से प्यार करेंगी।

अब से आपने चाहे कोई हेयरस्टाइल करवाई हो या फिर कोई नई ड्रेस पहनी हो तो उसमें खुद को अच्छा महसूस करेंगी। अपने अंदर यह आत्मविश्वास लाएंगी कि आप जो भी पहन रही हैं, उसमें पूरी तरह परफेक्ट लग रही हैं।

खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिंदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।

कुछ महिलाएं अपनी त्वचा के रंग को लेकर हमेशा असंतुष्ट रहती हैं, पर आप बिल्कुल भी ऐसा न करेंगी। आप अपनी त्वचा के रंग पर परेशान होने के बजाय यह कोशिश करेंगी कि आपकी त्वचा हमेशा ग्लो करती रहे।

अगर आपके साथ कुछ बुरा होता है या फिर आपके लुक को लेकर आपका कोई करीबी नकारात्मक कमेंट करता है तो उससे अपना मूड खराब करने की बजाय आप उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगी, बल्कि अब से आप अपने दिमाग में इस बात को रखेंगी कि दूसरों को भले आप पसंद न आएं, पर आप अपने को पसंद करती हैं और करती रहेंगी।

अपने शरीर को पसंद और नापसंद करना आपके हाथों में हैं। वर्तमान में आपकी बॉडी किसी भी शेप में हो, अब से आप उस पर फख्र करेंगी। यह अलग बात है कि अगर आपका वजन कुछ ज्यादा है तो उसे कम करने की कोशिश करेंगी, पर अपने शरीर को लेकर सकारात्मक सोच को खत्म बिल्कुल नहीं करेंगी और उसे अच्छा ही मानेंगी।

आप हमेशा यह मानेंगी कि आप दिल, दिमाग और शरीर तीनों से बेहद खूबसूरत हैं। भले ही आपके बारे में कोई कुछ भी कहे, आप उसकी बात का बुरा नहीं मानेंगी। अगर आप ऐसा सोचेंगी तो सच मानिए, आप गॉर्जियस दिखेंगी।


एक प्यारी मुस्कुराहट लोगों का ध्यान हमेशा आकर्षित करती है और चेहरे पर भी नूर लाती है। इसलिए अब से चेहरे पर हमेशा तनाव लाने की बजाय मुस्कुराहट बनाए रखेंगी। एक प्यारी मुस्कुराहट आपके चेहरे पर चार चांद लगा देगी।

अगर आपके बाल हेल्दी या फिर त्वचा का टोन अच्छा है तो उस पर नाज करेंगी। अपनी कमी को देकर दुखी नहीं होंगी। बाल सफेद हो रहे हैं, उनमें रूसी है तो उन्हें देख-देखकर चिढ़ेंगी नहीं, इन्हें दूर करने के उपाय खुशी-खुशी करेंगी।



# आप संवरिए
## लेकिन जरा संभलकर

**खास मौकों पर सज-संवरकर चेहरे की सुंदरता बढ़ाना वैसे तो कोई बुरी बात नहीं, लेकिन कई बार रोजाना भारी-भरकम मेकअप करने की आदत और पुराने या कम गुणवत्ता वाले ब्यूटी उत्पाद कुछ देर की सुंदरता और लंबे समय की बीमारी लेकर आते हैं।**



### ब्लीच

लोग स्किन की टेनिंग कम करने के लिए या चेहरे के बालों को छिपाने के लिए ब्लीच करते हैं, लेकिन इससे कई बार स्किन एलर्जी हो जाती है।

**उपाय:** ब्लीच को 24 घंटे पहले कान के पीछे लगाकर टेस्ट कर लें, अगर कोई एलर्जी न हो तभी ब्लीच करें। टेनिंग दूर करने के लिए ब्लीच कर रहे हैं तो संतरे, पपीते का पल्प या चंदन पाउडर लगा सकते हैं।

### डियो और परफ्यूम

डियोड्रेंट का ज्यादा प्रयोग अंडरआर्म्स की त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। खुजली की समस्या हो, परफ्यूम से छींके आती हों या सांस के रोगी हों तो इनका प्रयोग न करें।

**उपाय:** डियो या परफ्यूम में कैमिकल्स होते हैं, इन्हें सीधे बॉडी पर न लगाकर कपड़ों पर लगाएं।

### आई मेकअप के नुकसान

अगर आप आई मेकअप करने के बाद आंखों में कॉन्टेक्ट लैंस लगाते हैं तो ऐसे में बैक्टीरिया कोर्निया तक पहुंच जाता है जिससे कोर्नियल इंफेक्शन का खतरा रहता है। कई बार मेकअप करने से बैक्टीरिया का मैंब्रेन (झिल्ली) से संपर्क होता है।

### नेलपॉलिश


नेलपॉलिश लगाने के बाद हमें नाखूनों की मैल नहीं दिखती जिससे पेट में इंफेक्शन हो सकता है।

**उपाय:** नाखूनों की सफाई का ध्यान रखें और खाना बनाने या खाने से पहले नेलपॉलिश को सुखा लें।

### फाउंडेशन और ब्लशर

इनके रोजाना प्रयोग से चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। त्वचा के अंदर जमी गंदगी और तेल बाहर नहीं आ पाते, जिससे छिद्रों में मवाद जमने से कील-मुहांसे होने लगते हैं।

**उपाय:** ब्यूटी प्रोडक्ट की क्वालिटी का ख्याल रखें। त्वचा ऑयली है तो वॉटर बेस प्रोडक्ट और रूखी है तो ऑयल बेस स्किन प्रोडक्ट का प्रयोग करें।




# बेहद अनोखा है तुर्किए का ये म्यूज़ियम, पानी के अंदर मौजूद हैं 117 मूर्तियां

म्यूजियम ये नाम सुनते ही दिमाग में पुरानी चीज़ों को सहेजकर रखने वाली जगहों का ध्यान आता है। हालांकि बदलते समय के साथ अब म्यूजियम्स में आकर फन और एडवेंचर का एक्सपीरियंस भी लिया जा सकता है।



आपने म्यूज़ियम तो बहुत देखें होंगे लेकिन कभी सोचा है कि पानी के अंदर भी म्यूज़ियम हो सकता है? तुर्किए का पहला अंडरवाटर म्यूज़ियम देखने लायक है। साइड अंडरवाटर म्यूज़ियम अंताल्या के मानवघाट जिले के साइड शहर में है। यह म्यूज़ियम तट से 1.5 मील दूर और 12-20 मीटर की औसत गहराई पर है। इस म्यूज़ियम में 117 मूर्तियां हैं।
ये मूर्तियां ऐसी सामग्रियों से बनी है, जो कि पानी के अंदर सुरक्षित रह सकती हैं। वे समुद्री जीवों को नुकसान पहुंचाए बिना वहां रह सकती है। यह म्यूज़ियम मेक्सिको में मैक्सिकन अंडरवाटर म्यूज़ियम के बाद दूसरे स्थान पर है, जो 400 मूर्तियों के साथ पहले स्थान पर है। म्यूज़ियम में आने वाले लोगों के पास प्रोफेशनल डाइविंग सर्टिफिकेट होना ज़रूरी है।





# बिहार की इस गुफा में छिपा है सोने का खजाना

## तोप भी नहीं उड़ा पाई गुफा का दरवाजा



**उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में मिला सोने का भंडार अब पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। लेकिन क्या आपको पता है कि बिहार में भी एक जगह सोने का भंडार है, लेकिन वहां से सोना निकालना लगभग नामुमकिन है। दरअसल, वहां एक रहस्यमय दरवाजा है, जिसे आजतक कोई भी खोल नहीं पाया है। कई बार इसे खोलने की कोशिश की गई, लेकिन हर बार नाकामी ही हाथ लगी।**

सोने का यह भंडार बिहार के राजगीर में एक गुफा के अंदर है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इसमें मगध साम्राज्य के सम्राट यानी मौर्य शासक बिम्बिसार का बेशकीमती खजाना छुपा है, जिसे आज तक कोई नहीं खोज पाया है। इसे सोन भंडार के नाम से जाना जाता है। दरअसल, राजगीर प्राचीन समय में मगध की राजधानी था। यही पर भगवान बुद्ध ने बिम्बिसार को धर्मोपदेश दिया था। यह शहर भगवान बुद्ध से जुड़े स्मारकों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। हालांकि कुछ लोग इस खजाने को पूर्व मगध सम्राट जरासंध का भी बताते हैं, लेकिन वहां इस बात के प्रमाण ज्यादा हैं कि यह खजाना बिम्बिसार का ही है, क्योंकि इस गुफा से कुछ दूरी पर उस जेल के अवशेष हैं, जहां अजातशत्रु ने अपने पिता बिम्बिसार को बंदी बना कर रखा था। सोन भंडार गुफा में प्रवेश करते ही पहले एक बड़ा सा कमरा आता है। कहते हैं कि यह कमरा खजाने की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए बनाया गया था। इसी कमरे की पिछली दीवार से खजाने तक पहुंचने का रास्ता बना हुआ है, जिसका द्वार एक पत्थर के दरवाजे से बंद किया हुआ है। इस दरवाजे को आज तक कोई नहीं खोल पाया है। गुफा की एक दीवार पर शंख लिपि मे कुछ लिखा हुआ है जो आज तक पढ़ा नहीं जा सका है। कहा जाता है कि इसमें ही खजाने के दरवाजे को खोलने का तरीका लिखा हुआ है, लेकिन इस लिपि को पढ़ने में दुनियाभर के लोग नाकाम रहे हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि बिम्बिसार के खजाने तक पहुंचने का रास्ता वैभवगिरी पर्वत सागर से होकर सप्तपर्णी गुफाओं तक जाता है, जो सोन भंडार गुफा की दूसरी ओर पहुंचती है।
कहा जाता है कि अंग्रेजों ने एक बार तोप से खजाने के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन वो इसे तोड़ नहीं पाए। तोप के गोले के निशान आज भी दरवाजे पर मौजूद हैं।



## हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार की पत्नी ने छिपाया था खजाना

भारत विविधताओं वाला देश है। उत्तर में हिमालय है तो दक्षिण में कन्याकुमारी है। पश्चिम में कच्छ है तो पूर्व में बंगाल की खाड़ी है। इसके साथ ही कई ऐसे रहस्यमयी स्थान है जो विज्ञान के लिए आज भी पहेली बनी हुई है। इन पहेलियों में एक पहेली सोन भंडार है जो कि बिहार राज्य के राजगीर में स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि इस जगह पर सोने का खजाना है, जिसे हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार की पत्नी ने छिपा रखा है। आज तक कोई इस खजाना तक नहीं पहुंच पाया है। अंग्रेजों ने एक बार कोशिश भी की थी, लेकिन वे इसमें सफल नही हो पाए थे।
यह स्थान बिहार राज्य के राजगीर में स्थित है। इतिहास की माने तो हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार को सोने चांदी से बेहद लगाव था। इसके लिए वह सोना और उसके आभूषणों को इकट्ठा करते रहते थे। उनकी कई रानियां थी, जिनमें एक रानी बिम्बिसार की पसंद का पूरा ख्याल रखती थी। जब अजातशत्रु ने अपने पिता को बंदी बना लिया और कारागार में डाल दिया। तब बिम्बिसार की पत्नी ने राजगीर में यह सोन भंडार बनवाया था। इस गुफा में राजा द्वारा इकट्ठा किए गए सभी खजानों को छिपा दिया गया था। आज तक यह गुफा विज्ञान के लिए पहेली है। इस गुफा में दो बड़े कमरे एक समान बनाए गए थे। एक गुफा में सैनिक रहते थे। जबकि दूसरे कमरे में खजानों को छिपाया गया था। इस कमरे को एक बड़े से चट्टान से ढका गया है, जिसे आज तक कोई खोलने में कामयाब नहीं हो पाया है। इस दरवाजे पर शंख लिपि में कुछ लिखा है। इस बारे में कहा जाता है कि अगर कोई इस लिपि को पढ़ने में सफल हो जाता है तो वह सोन भंडार को खोल सकता है। आजादी से पूर्व अंग्रेजों ने एक बार तोप से इस दरवाजे को उड़ाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली। इसके बाद से किसी ने दरवाजे को खोलने की कोशिश नही की है।




# क्या कहानी है खजाने की...

भारत में ऐसे कई स्पॉट्स है, जहां राजा-महाराजाओं का खजाना छिपे होने की बातें होती हैं। ऐसी ही एक कहानी सोन भंडार गुफा के बारे में भी प्रचलित है। जो बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में आती है।

- मौर्य शासक बिंबिसार ने अपने शासन काल में राजगीर में एक बड़े पहाड़ को काटकर अपने खजाने को छुपाने के लिए गुफा बनाई थी।
- जिस कारण इस गुफा का नाम पड़ा था सोन भंडार। इस गुफा के बारे में कहा जाता है कि सोने को सहेजने के लिए इस गुफा को बनवाया गया था।
- पूरी चट्टान को काटकर यहां पर दो बड़े कमरे बनवाए गए थे।
- गुफा के पहले कमरे में जहां सिपाहियों के रुकने की व्यवस्था थी। वहीं, दूसरे कमरे में खजाना छुपा था।
- दूसरे कमरे को पत्थर की एक बड़ी चट्टान से ढंका गया है। जिसे आज तक कोई नहीं खोल पाया।

### अंग्रेजों ने की थी तोप से उड़ाने की कोशिश, हुए थे नाकाम

- अंग्रेजों ने इस गुफा को तोप के गोले से उड़ाने की कोशिश की थी, लेकिन वे इसमें नाकामयाब रहे थे। आज भी इस गुफा पर उस गोले के निशान देखे जा सकते हैं।
- अंग्रेजों ने इस गुफा में छुपे खजाने को पाने के लिए यह कोशिश की थी, लेकिन नाकाम होने पर वे वापस लौट गए।

### अंदर जाते ही 10 मीटर लंबा चट्टान का कमरा मौजूद है यहां पर

- सोन भंडार गुफा में अंदर घुसते ही 10.4 मीटर लंबा चौड़ा और 5.2 मीटर चौड़ा कमरा है। इस कमरे की ऊंचाई लगभग 1.5 मीटर है।
- यह कमरा खजाने की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए बनाया गया था। इसी कमरे के दूसरी ओर खजाने का कमरा है, जो कि एक बड़ी चट्टान से ढंका हुआ है।

### किस भाषा में लिखा है खजाने का कमरा खोलने का रहस्य

- मौर्य शासक के समय बनी इस गुफा की एक चट्टान पर शंख लिपि में कुछ लिखा है।
- इसके संबंध में यह मान्यता प्रचलित है कि इसी शंख लिपि में इस खजाने के कमरे को खोलने का राज लिखा है।

### जैन धर्म के भी हैं अवशेष

इस जगह पर जैन धर्म के अवशेष भी देखने को मिलते हैं। यहां पर दूसरी ओर बनी गुफा में 6 जैन धर्म तीर्थंकरों की मूर्तियां भी चट्टान में उकेरी गई हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यहां पर जैन धर्म के अनुयायी भी रहे थे। तीसरी और चौथी शताब्दी में बनी हैं दोनों गुफा दोनों ही गुफा तीसरी और चौथी शताब्दी में चट्टानों को काटकर बनाई गई हैं। इन गुफाओं के कमरों को पॉलिश किया गया है।

### चट्टानों पर लिखी गयी है शंखलिपि भाषा

बिहार के साथ-साथ दूर-दराज़ के राज्यों से भी लोग इस गुफा को देखने आते हैं। इसके साथ ही भारतीय एवं अंतराष्टीय पुरातत्त्वज्ञ भी इस गुफा के पीछे छिपे राज़ का पता लगाने यहाँ आते हैं। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि आज जब साइंस और टेक्नोलॉजी इतनी उन्नति कर चुकी है, उसके बावजूद भी इस गुफा के कमरों को खोला नहीं जा सका।



# दुनिया का अनोखा रेलवे स्टेशन जिसका नहीं है कोई नाम

भारतीय रेल एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। इतना ही नहीं एकल सरकारी स्वामित्व के मामले में भारतीय रेल विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। भारत में कुल रेलवे स्टेशन की संख्या 8000 के करीब है। कई ऐसे रेलवे स्टेशन हैं जो काफी मशहूर हैं। लेकिन आज हम आपको भारत के एक ऐसे अनोखे रेलवे स्टेशन के बारे में बताएंगे, जिसकी अपनी कोई पहचान ही नहीं है। इस स्टेशन का कोई नाम नहीं है। इस बात को जानकर आपको हैरानी भी हो रही होगी कि भला ऐसे कैसे हो सकता है। तो आपको बता दें कि यह स्टेशन पश्चिम बंगाल में है जिसका अपना कोई नाम नही है। यह स्टेशन पश्चिम बंगाल के बर्धमान से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।
बांकुरा-मैसग्राम रेल लाइन पर स्थित यह स्टेशन दो गांवों रैना और रैनागढ़ के बीच में पड़ता है। शुरुआत में इस स्टेशन को रैनागढ़ के नाम से जाना जाता था। रैना गांव के लोगों को यह बात पसंद नहीं आई क्योंकि इस स्टेशन की बिल्डिंग का निर्माण रैना गांव की जमीन पर किया गया था। रैना गांव के लोगों का मानना था कि इस स्टेशन का नाम रैनागढ़ की जगह रैना होना चाहिए।

### ये है नाम न होने की वजह

ये रेलवे स्टेशन पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. बांकुरा-मैसग्राम रेल लाइन पर स्थित यह स्टेशन दो गांवों रैना और रैनागढ़ के बीच में पड़ता है. रैना और रैनागढ़ के बीच में होना ही इसका नाम न होने की वजह है. ऐसा कहा जाता है कि इस स्टेशन को 2008 में तैयार किया गया था. उस समय इस स्टेशन का नाम रैनागढ़ रखा गया. लेकिन इस स्टेशन की बिल्डिंग का निर्माण रैना गांव की जमीन पर किया गया था, इसलिए रैना गांव के लोगों को ये बात अच्छी नहीं लगी और इसके नाम को लेकर विवाद छिड़ गया.

### रेलवे ने मिटा दिया साइन बोर्ड्स से नाम

रैना गांव के लोगों का कहना था कि इस स्टेशन का नाम रैना होना चाहिए, जबकि रैनागढ़ वालों का कहना था इसके नाम को नहीं बदला जाए. ये विवाद इतना बढ़ गया कि रेलवे बोर्ड तक पहुंच गया. इस विवाद के चलते रेलवे ने यहां लगे सभी साइन बोर्ड्स से स्टेशन का नाम मिटा दिया. इसके कारण स्टेशन पर आने वाले सभी यात्रियों को काफी समस्या होती है. जो भी यात्री यहां आता है, बिना नाम का साइन बोर्ड को देखकर उसका सिर चकरा जाता है और कन्फ्यूजन हो जाता है कि वो सही जगह आया है या नहीं. हालांकि रेलवे की तरफ से आज भी स्टेशन का टिकट रैनागढ़ के नाम से ही जारी किया जाता है.

# हमास सीजफायर को तैयार, राफा में इजराइल के हमले जारी

## कहा- प्रपोजल में वे शर्तें ही नहीं, जिन पर सहमति बनी थी

**काहिरा , एजेंसी।** इजराइल से जंग के 7 महीने बाद हमास ने मिस्र और कतर के सीजफायर के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हमास ने सोमवार (6 मई) को इसे लेकर आधिकारिक बयान जारी किया। हालांकि, इजराइल ने कहा है कि हमास जिन शर्तों पर तैयार हुआ उसकी मंजूरी नहीं दी गई थी।

इसके बाद इजराइल ने जंग के आखिरी फेज की शुरुआत करते हुए दक्षिणी गाजा के राफा पर हमले भी किए। न्यूज एजेंसी,क्क के मुताबिक, इजराइल टैंक गाजा-मिस्र की सीमा से सिर्फ 200 मीटर की दूरी पर थे।

इससे पहले हमास के लीडर इस्माइल हानिए ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल-थानी और मिस्र के खुफिया एजेंसी के प्रमुख अब्बास कामेल से फोन पर बात की। उन्होंने दोनों से कहा कि वो इजराइल के साथ युद्धविराम के लिए उनकी शर्तों को स्वीकार कर रहे हैं।

हमास ने कहा, अब फैसला इजराइल के हाथ में है कि वो सीजफायर के लिए तैयार होता है या नहीं। अलजजीरा के मुताबिक, हमास ने जिस समझौते को स्वीकार किया है, उसमें तीन चरणों में युद्धविराम की बात कही गई है। हर चरण 42 दिनों तक चलेगा। पहले चरण में इजराइल गाजा पर हमले रोकेगा।



नेटजारिम कॉरिडोर से इजराइली सेना की वापसी होगी। न्यूज एजेंसी,क्क के मुताबिक, इजराइल टैंक गाजा-मिस्र की सीमा से सिर्फ 200 मीटर की दूरी पर थे।

इसके अलावा इजराइली सेना गाजा रोज 10 घंटों के लिए गाजा की हेलिकॉप्टरों-ड्रोन्स से गाजा की निगरानी नहीं करेगी। दूसरी तरफ, हमास 33 इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। हर इजराइली बंधक की रिहाई के बदले इजराइल 30 फिलिस्तीनियों को अपनी जेल से आजाद करेगा।

पहला फेज सफल होने के बाद इजराइल-हमास अगले फेज की शर्तों पर चर्चा करेंगे। इसमें बचे हुए इजराइली बंधकों की रिहाई पर फोकस रहेगा। साथ ही गाजा में मौजूद बचे हुए इजराइली सैनिक पीछे हटेंगे। आखिरी फेज में गाजा में मारे गए इजराइली बंधकों के शव वापस लाए जाएंगे। गाजा को फिर से बसाने पर चर्चा होगी। इसको मिस्र, कतर और अमेरिका मॉनिटर करेंगे।

दूसरी तरफ अमेरिका ने कहा है कि वो फिलहाल प्रपोजल रिव्यू कर मिडिल ईस्ट में अपने सहयोगियों से इस पर चर्चा कर रहे हैं। अमेरिका की प्राथमिकता इजराइली बंधकों को रिहा करवाना है।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, हम राफा पर इजराइल के हमलों का समर्थन नहीं करते हैं। इजराइल के हमलों के दौरान गाजा के ज्यादातर लोग राफा चले गए थे। ऐसे में वहां हमला होने पर मानवीय नुकसान ज्यादा होगा। हम फिलिस्तीनियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए प्लान को रिव्यू किए बगैर राफा पर हमले का समर्थन नहीं करेंगे।

राफा में सैन्य अभियान की घोषणा करके नेतन्याहू ने एक बार फिर अमेरिका को नाराज कर दिया है। यही कारण है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद पहली बार अमेरिका ने इजराइल भेजे जाने वाले गोला- बारूद की खेप रोक दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस खेप में मिसाइल समेत जंग से जुड़ी कई सामान थे। इसस पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नेतन्याहू से कहा था कि राफा में सैन्य अभियान से अमेरिका-इजराइल के संबंधों पर गलत असर पड़ेगा। मिस्र, कतर और अमेरिका साथ मिलकर हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम करवाने की कोशिश कर रहे हैं। तीनों देशों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रपोजल पर बातचीत करने के लिए एक हाई-लेवल डेलिगेशन इजराइल भेजा था। इससे पहले कतर और मिस्र की मध्यस्थता के बाद नवंबर में इजराइल-हमास के बीच पहली बार 4 दिन के लिए युद्धविराम हुआ था। इस दौरान हमास ने 112 बंधकों को रिहा किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन के सैन्यकर्मियों का डेटा लीक, नाम और बैंक डीटेल्स के साथ हुई छेड़छाड़



**लंदन , एजेंसी।** बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन के रक्षा विभाग द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली पेरोल प्रणाली में कुछ व्यक्तिगत जानकारी डेटा लीक में देखी गई है। ब्रॉडकास्टर ने कहा कि प्रणाली का प्रबंधन एक बाहरी ठेकेदार द्वारा किया गया था और रक्षा मंत्रालय का कोई परिचालन डेटा नहीं मिला था। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान कुछ पूर्व रॉयल नेवी, सेना और वायु सेना के सदस्यों के नाम और बैंक विवरण के साथ छेड़छाड़ हुई थी। रक्षा मंत्रालय ने काम के निर्धारित समय के बाहर टिप्पणी के लिए रॉयटर के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सांसदों को मंगलवार को कॉमन्स में इस घटनाक्रम के बारे में सूचित किया जा सकता है।

### अमरीका में महिला की 10 सप्ताह में दूसरी बार लगी 1 मिलियन डॉलर की लॉटरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमरीका के मैसाचुसेट्स राज्य में क्रिस्टीन विल्सन नाम की महिला की 10 सप्ताह के भीतर दूसरी बार 1 मिलियन डॉलर का लॉटरी की लगी है। उसने दोनों बार एकमुश्त भुगतान का विकल्प चुना है। क्रिस्टीन विल्सन को अचानक यह लाभ 100एक्स कैश 10 डॉलर के तत्काल टिकट गेम से मिला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विल्सन ने अपनी पिछली जीत में से कुछ राशि का उपयोग एक एसयूवी कार खरीदने के लिए किया था। इस बार वह अपना पुरस्कार बचत में लगाने की योजना बना रही है। विल्सन ने अपना नवीनतम विजेता टिकट मैन्सफील्ड में फैमिली फूड मार्ट से खरीदा था। मार्ट को भी बिक्री करने के लिए मैसाचुसेट्स स्टेट लॉटरी से 10,000 डॉलर का बोनस प्राप्त होगा। विल्सन का पहला 1 मिलियन डॉलर का पुरस्कार मैन्सफील्ड में ही डब्स डिस्काउंट लिकर से था। रिपोर्ट में कहा गया है कि विल्सन की लगातार जीत लॉटरी इतिहास में पहली बार नहीं है। मैसाचुसेट्स निवासी केविन मिलर और केनेथ जे. स्टोक्स ने भी दो बार इसी तरह का जैकपॉट हासिल किया था। यू.के. के एक जोड़े डेविड और कैथलीन लॉन्ग ने जुलाई 2013 में1.25 मिलियन डॉलर जीते थे। उन्होंने मार्च 2015 में एक और 1.25 मिलियन डॉलर जीत कर और एक जगुआर कार खरीदी थी। हालांकि रिपोर्ट में यह भी जिक्र किया गया है कि कुछ विजेता कर्ज़ में डूब गए हैं या जेल भी भेजे गए हैं। न्यू जर्सी की मूल निवासी एवलिन एडम्स ने भी दो बार 1985 और 1986 में लॉटरी जीती, जिससे उन्हें कुल 5.4 मिलियन डॉलर की कमाई हुई। हालांकि दोहरी जीत से एडम्स की जुए की लत पूरी नहीं हुई और उसने अपनी जीत की राशि को जुए में गंवा दिया। 2016 तक वह दरिद्र थी और एक ट्रेलर पार्क में रह रही थी।

### अमेरिका के नाइटक्लब के बाहर चली ताबड़तोड़ गोलियां, 7 लोग घायल

**न्यूयार्क , एजेंसी।** अधिकारियों ने स्थानीय समय के अनुसार शनिवार रात करीब 11: 15 बजे गोलीबारी की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी। मौका पर पहुंचने पर अधिकारियों ने कई पीड़तिों को देखा और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करना शुरू कर दिया। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में पहुंचाया गया। सभी सात पीड़ति वयस्क पुरुष हैं। घायलों में से तीन को गैर-जानलेवा चोटें आईं, जबकि चार अन्य की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि कम से कम दो पुरुष संदिग्धों ने लोगों के एक समूह पर गोलियां चलाईं और गोलीबारी के तुरंत बाद संदिग्ध इलाके से भाग गए। पुलिस जासूस इस घटना की जांच कर रहे हैं।

## स्तन कैंसर कार्यकर्ता क्रिस हालेंगा का 38 साल की उम्र में निधन, आखिरी सांस तक लाखों महिलाओं को किया जागरूक



**लंदन, एजेंसी।** स्तन कैंसर जागरूकता चैरिटी कोप्पाफील की संस्थापक क्रिस हालेंगा का 38 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने इंग्लैंड के कॉर्नवाल में अपने घर पर आखिरी सांस ली। हालेंगा ने अपने जीवन के आखिरी समय तक लाखों महिलाओं को अपने स्तनों (स्तन कैंसर) की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया। दरअसल, स्तन कैंसर को लेकर जागरूकता फैलाने वाली क्रिस हालेंगा को 15 साल पहले टर्मिनल स्तन कैंसर का पता चला था। एक साल से ज्यादा समय तक अपने गार्जियन से दूर रहने के बाद हालेंगा का 23 साल की उम्र में ब्रेस्ट कैंसर का इजाल हुआ था। क्रिस हालेंगा के मित्र और लेखक फर्ने कॉटन ने उनके निधन पर कहा, जितना मैंने किसी को जीवित देखा है, वह उससे कहीं अधिक जिंदगी जीती थीं। बता दें कि कोप्पाफील मिशन युवाओं को स्तन कैंसर के बारे में शिक्षित करता है। संस्था की जागरूकता की वजह से कई युवाओं को दोबारा अपनी सामान्य जिंदगी जीने में मदद मिली। चैरिटी कोप्पाफील ने सोमवार को हालेंगा की मौत की पुष्टि करते हुए कहा, क्रिस ने जीवन को बेहद रचनात्मक, मजेदार और निडर तरीके से जिया और हमें दिखाया कि कैंसर के साथ भी जीवन को पूरी तरह से जीना संभव है।

## भारत की जांच के नतीजों का हम इंतजार करेंगे..., पन्नू की हत्या की साजिश मामले में बोला अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकवादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू एक बार फिर सुर्खियों में बने हुए है। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट का दावा है कि एक भारतीय खुफिया अधिकारी की देखदेख में पन्नू की हत्या की साजिश रची गई थी। हालांकि, भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। वहीं, इस पूरे विवाद में अमेरिका का बयान आया है।

विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका में पन्नुन की हत्या की साजिश से संबंधित आरोपों पर भारतीय जांच के नतीजे देखने का इंतजार कर रहे है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, भारत सरकार ने मामले की जांच के लिए एक जांच समिति बिठाई है और वह काम जारी है। हम परिणाम देखने के लिए प्रतीक्षा करेंगे, लेकिन हम यह स्पष्ट कर रहे है कि इस मामले को हम गंभीरता से ले रहे हैं और हमें लगता है कि उन्हें (भारत) को भी इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

दरअसल, मिलर उन आरोपों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि भारत सरकार के अधिकारी अमेरिकी नागरिक और अलगाववादी सिख नेता पन्नून की हत्या की साजिश में शामिल थे। मिलर ने कहा कि हम सोचते हैं कि भारत को इस मामले को बहुत



गंभीरता से लेना चाहिए और जांच करनी चाहिए।

### क्या है पूरा मामला

वाशिंगटन पोस्ट ने हाल ही में पिछले साल भारत पर पन्नुन को मारने की कथित साजिश के संबंध में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के एक अधिकारी का नाम सार्वजनिक रूप से लिया था। अमेरिकी दैनिक की रिपोर्ट की आलोचना करते हुए, भारत ने दावों को दृढ़ता से खारिज कर दिया और कहा कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर अनुचित और अप्रमाणित आरोप लगाए गए हैं और मामले की जांच चल रही है।

## दावा-पाकिस्तानी फौज के अफसरों ने बच्चों का यौन शोषण किया

### 100 बच्चों के 600 वीडियो सामने आए; सेना ने आरोप खारिज किए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी सेना के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल का खुलासा हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा के कबाइली इलाकों में तैनात कर्नल से मेजर रैंक तक के कुछ अफसरों के बच्चों से यौन शोषण के 600 से ज्यादा वीडियो सामने आए हैं।

बच्चों की उम्र 14 साल से कम बताई गई है। लगभग सौ से ज्यादा बच्चों का पांच साल से यौन शोषण किया जा रहा था। कुछ अफसरों को पाराचिनार कैंट से पेशावर कमांड हेडक्वार्टर बुला लिया गया है। कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हसन अजहर हयात ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी में आदेश देते हुए किसी भी अफसर के यौन शोषण में शामिल होने से इनकार किया है।

सेना का दावा है कि तीन साल पहले भी अफसरों पर 13 साल के लड़के के यौन शोषण के आरोप लगे थे जो झूठे पाए गए थे। इस बीच, ख्रद्धक्रके बाद पुलिस ने यौन शोषण केस में एक स्थानीय दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दैनिक भास्कर को बताया कि इलाके का एक दुकानदार ताहिर कबादी सेना का करीबी था। वही गरीब बच्चों की सप्लाई



करता था। बताया जाता है कि वह बच्चों को लालच देकर अफसरों के पास भेजता था।उसने ही बच्चों के यौन शोषण के वीडियो भी बनाए। इससे वह बच्चों के माता-पिता से पैसे भी ऐंठता था। साथ ही वीडियो के जरिए वह बच्चों को ब्लैकमेल करके बार-बार अफसरों के पास भेजता था। पुलिस ने उसके लैपटॉप से ये वीडियो बरामद किए हैं। खुर्रम के स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेना के कुछ अफसरों पर पहले भी बच्चों के यौन शोषण के आरोप लगे थे, लेकिन पाक सेना के मेजर और कैप्टन रैंक के अफसरों ने पुलिस वालों पर दबाव डालकर आरोपियों को छुड़ा लिया था। पाकिस्तान में 2015 में बच्चों के यौन शोषण के वीडियो वायरल करने का बड़ा रैकेट सामने आया था। इसमें करीब 400 वीडियो थे।

## पश्चिमी देशों की टिप्पणियों के बाद भड़के रूस का ऐलान, अब परमाणु हथियारों से करेगा सैन्य अभ्यास

**मॉस्को , एजेंसी।** पश्चिमी देशों की टिप्पणियों के बाद भड़के रूस ने परमाणु हथियारों के साथ सैन्य अभ्यास की योजना बनायी है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह घोषणा की। रूस का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब कुछ दिन पहले ही पश्चिमी देशों ने यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर मॉस्को के खिलाफ टिप्पणियां की थीं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अभ्यास ''रूस के संबंध में कुछ पश्चिमी देशों के अधिकारियों के भड़काऊ बयानों और धमकियों के जवाब में है।

यह पहली बार है कि रूस ने सार्वजनिक रूप से परमाणु हथियारों से जुड़े अभ्यास की घोषणा की है। हालांकि, इसका सामरिक परमाणु बल नियमित रूप से अभ्यास करता रहता है। यह घोषणा यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों के लिए एक चेतावनी प्रतीत होती है, जो दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर लगातार गंभीर चिंता जता रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले सप्ताह दोहराया था कि वह यूक्रेन में सेना भेजने के विचार से इनकार नहीं कर रहे हैं।

## मालदीव में 40% भारतीय टूरिस्ट घटे, पर्यटन मंत्री ने भारतीयों से आने की अपील की, कहा- हमारी इकोनॉमी टूरिज्म बेस्ड

**माले, एजेंसी।** मालदीव और भारत के बीच जारी गतिरोध का असर वहां के टूरिज्म पर पड़ा था। जनवरी से अप्रैल तक मालदीव पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 40 फीसदी गिरावट आई है। मालदीव की मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म ने बताया कि जनवरी से अप्रैल तक भारत से 43,991 टूरिस्ट आए। 2023 में इस दरम्यान यह संख्या 73,785 थी।

सोमवार (6 मई) को मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल ने भारतीयों से उनके देश आने की अपील की। उन्होंने कहा- हमारी इकोनॉमी टूरिज्म पर ही निर्भर है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि मालदीव हमेशा भारत से दोस्ती करना चाहता है। हमारी सरकार भारतीयों के स्वागत के लिए हमेशा तैयार है। मालदीव में सबसे ज्यादा टूरिस्ट भारत से आते थे। अब यह संख्या छठे स्थान पर पहुंच गई है। इससे पहले मालदीव ने कहा था कि वो भारतीय टूरिस्ट



को लुभाने के लिए भारत के कई शहरों में रोड शो कराएगा। हालांकि, रोड शो किन शहरों में और कब कराए जाएंगे, इसकी जानकारी नहीं दी गई थी।

मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर्स ने कहा था कि भारत के हाई कमिश्नर मुनु महावर से दोनों देशों के बीच यात्रा और पर्यटन सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। दरअसल, जनवरी 2024 के बाद से मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या बहुत कम हुई है। इसकी वजह वहां के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हुई आपत्तिजनक टिप्पणी है। 7 जनवरी को भारत में हैशटैग ट्रेंड हुआ। पीएम मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें खूबसूरती के लिहाज से लक्षद्वीप अब मालदीव को टक्कर देता नजर आया। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं।

इससे मालदीव के मंत्री और नेता नाराज नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। साथ ही कहा कि भारत सर्विस के मामले में मालदीव का मुकाबला नहीं कर सकता। इसके बाद मालदीव में मौजूद भारतीय सेना को 10 मई से पहले देश छोड़ने को कहा गया था। तब 11 मार्च को 25 भारतीय सैनिकों के पहले समूह ने मालदीव छोड़ दिया था। फिर 9 अप्रैल को भारतीय सैनिकों को दूसरा समूह ने भी मालदीव छोड़ दिया था। फरवरी में नई दिल्ली में हुए मालदीव और भारत के बीच समझौते में ये तय हुआ था कि सैन्य विमानों के संचालन की देखरेख के लिए मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिकों की जगह भारत की टेक्निकल स्टाफ टीम लेगी।

## बोइंग का स्टारलाइनर मिशन टला, इससे भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स स्पेस स्टेशन जाने वाली थीं, ऑक्सीजन रिलीफ वॉल्व में आई खराबी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाला बोइंग का स्टारलाइनर मिशन टल गया है। इसे रुके एटलस वी रॉकेट से आज सुबह 8ऱ04 बजे फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया जाना था। रॉकेट के ऑक्सीजन रिलीफ वॉल्व में आई समस्या के कारण इस मिशन को टाला गया है।

मिशन टलने के बाद एस्ट्रोनॉट क्रू क्वार्टर में लौट गए हैं। अब अगला लॉन्च कब होगा इसकी फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस मिशन के सफल होने पर इतिहास में पहली बार अमेरिका के



पास एस्ट्रोनॉट को स्पेस में भेजने के लिए 2 स्पेसक्राफ्ट हो जाएंगे। अभी अमेरिका के पास इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ही है।

एटलस वी रॉकेट लॉन्च होगा। 15 मिनट बाद ये स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट को रिलीज कर देगा। स्पेसक्राफ्ट के इंजन फायर होंगे और ये स्पेस स्टेशन की लगभग 24 घंटे की यात्रा के लिए कक्षा में स्थापित हो जाएगा।

स्टारलाइनर हार्मनी मॉड्यूल के आगे वाले पोर्ट पर डॉक करेगा। अपने स्टे के दौरान क्रू स्टारलाइनर के अंदर जाएगा, हैच बंद करेगा और दिखाएगा कि भविष्य में मलबे के साथ टकराव के रिस्क जैसी स्थिति में स्पेसक्राफ्ट सुरक्षित आश्रय के रूप में काम कर सकता है।

विल्मोर और विलियम्स पृथ्वी पर लौटने से पहले लगभग एक हफ्ते तक एक्सपेडिशन 71 क्रू के साथ रहेंगे और काम करेंगे। अनडॉकिंग के बाद, स्टारलाइनर के मैनुअल पायलटिंग का आकलन होगा। चालक दल अनडॉकिंग से लेकर लैंडिंग तक लगभग छह घंटे बिताएगा। पृथ्वी के वायुमंडल में रीएंट्री के दौरान, स्पेसक्राफ्ट 28,000 किमी/घंटे की गति से धीमा होना शुरू हो जाएगा। इस दौरान क्रू 3.5 द्द तक भार महसूस कर सकता है। रीएंट्री के बाद पैराशूट सिस्टम की सुरक्षा के लिए स्पेसक्राफ्ट की आगे लगी हीट शील्ड को हटा दिया जाएगा। दो ड्रैग और तीन मुख्य पैराशूट स्टारलाइनर की गति को और धीमा कर देंगे। बेस हीट शील्ड डुअल एयरबैग सिस्टम को एक्सपोज करते हुए डिप्लॉय हो जाएगी। 6 प्राइमरी एयरबैग कैप्सूल के बेस पर डिप्लॉय होंगे। ये लैंडिंग के दौरान कुशन की तरह काम करेंगी। लैंडिंग के दौरान स्पेसक्राफ्ट की गति करीब 6 किलोमीटर प्रति घंटे की होगी। संभावित लैंडिंग स्थानों में एरिजोना का विलकॉक्स और यूटा का डगवे प्रोविंग ग्राउंड शामिल है। कैलिफोर्निया में एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस एक इमरजेंसी लैंडिंग साइट के रूप में उपलब्ध है। टचडाउन के बाद, चालक दल पैराशूट हटाएगा, स्पेसक्राफ्ट की बिजली बंद करेगा और मिशन कंट्रोल लैंडिंग और रिकवरी टीमों से सैटेलाइट फोन कॉल के जरिए संपर्क करेगा। रिकवरी टीम स्टारलाइनर के चारों ओर एक टेंट लगाएगी।

## जर्मनी में ताइवान के दूत ने कहा- यूएन में भागीदार बनने योग्य नहीं चीन

**बर्लिन , एजेंसी।** जर्मनी में ताइवान के राजदूत शीह झाई-वे ने अपने कब्जे वाले क्षेत्रों पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) द्वारा किए जा रहे अत्याचारों को उजागर किया। म्यूनिख में मनाई गई विश्व उइघुर कांग्रेस की 20वीं वर्षगांठ पर बोलते हुए ताइवान के दूत ने बताया कि कैसे कब्जे वाले क्षेत्रों के लोग अत्याचारों का सामना कर रहे हैं। शीह झाई-वे ने अपने बयान में चीन और संयुक्त राष्ट्र की आलोचना की, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र मानवता के खिलाफ अपने सभी अत्याचारों से अवगत होने के बावजूद देश पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर का हवाला देते हुए कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र चीन द्वारा, उइगरों , तिब्बतियों , हांगकांग और उसके लोगों के खिलाफ किए गए अत्याचारों की तरफ ध्यान देता तो बहुत समय पहले चीन को बाहर कर चुका होता। वे ने आगे उल्लेख किया, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय 2 के अनुच्छेद 6। में साफ लिखा है कि संयुक्त राष्ट्र का एक सदस्य जिसने संयुक्त राष्ट्र में अंकित सिद्धांतों का लगातार उल्लंघन किया तो उसे सुरक्षा परिषद की सिफारिश पर महासभा द्वारा निष्कासित कर दिया जाएगा। अब हम अड़े रहेंगे उसी चार्टर पर जिस पर संयुक्त राष्ट्र को बहुत गर्व है।

# बाबा विश्वनाथ ने बुलाया है... जाना था कोलकाता पहुंच गए बनारस




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स को रविवार को 98 रन से हराने के बाद श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम सोमवार की शाम कोलकाता के लिए रवाना हुई थी। टीम को 7 बजकर 25 मिनट पर कोलकाता पहुंचना था, लेकिन लखनऊ से कोलकाता की यह फ्लाइट खराब खराब मौसम के चलते लैंड ही नहीं कर पाई। विमान का कोलकाता में उतरना असंभव था, ऐसे में चार्टर्ड उड़ान को पहले गुवाहाटी की ओर रवाना किया गया और फिर वाराणसी मोड़ा गया, जिसके चलते पूरी टीम को एक रात वाराणस में गुजारनी पड़ी। अब इसे सुखद हादसा कहिए या भगवान का बुलावा, सुबह-सुबह पूरी टीम ने वाराणसी स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर के भव्य दर्शन किए। पवित्र गंगा नदी में नौकायन किया और घाटों पर सैर की।

## टीका-चंदन लगाकर भक्ति में लीन केकेआर

**देर रात पहुंचे वाराणसी** - केकेआर मीडिया टीम ने रात पौने नौ बजे बताया कि कोलकाता में खराब मौसम के कारण टीम की चार्टर्ड उड़ान को गुवाहाटी मोड़ दिया गया। इसके एक घंटे बाद कहा गया कि कोलकाता उड़ाने के लिए हरी झंडी मिल चुकी है, लेकिन फिर मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण उसे वाराणसी की ओर मोड़ दिया गया। रात एक बजकर 15 मिनट पर जारी अपडेट में कहा गया, 'उड़ान गुवाहाटी से कोलकाता जानी थी, लेकिन खराब मौसम के कारण रात 11 बजे नहीं उतर सकी। खराब मौसम के कारण सारे प्रयास नाकाम रहे और अब वाराणसी की ओर। अभी अभी यहां उतरे हैं।' इस बीच कोलकाता नाइटराइडर्स के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज अपनी मां की खराब तबीयत के चलते अफगानिस्तान लौट गए। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर उन्होंने इसकी जानकारी दी। गुरबाज ने एक्स पर पोस्ट लिखा, मां की बीमारी के चलते आईपीएल में एक छोटा ब्रेक लेकर मैं दोबारा जल्द से जल्द अपनी केकेआर फैमिली से जुड़ंगा। संदेश और दुआओं के लिए आप सभी का शुक्रिया। अल्हम्दुल्लाह अब वह पहले से काफी बेहतर हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रहमनुल्लाह गुरबाज को अबतक इस सीजन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है। पिछले सीजन टीम के लिए ओपनिंग करने वाले गुरबाज की जगह इस बार इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज फिल साल्ट से पारी की शुरुआत करवाई जा रही है। साल्ट और सुनील नरेन की जोड़ी लगभग हर मैच में केकेआर को शानदार शुरुआत दिलाने में कामयाब रहती है।

# अरे कोई डीएनए टेस्ट कराओ यार... सूर्यकुमार यादव पर बोला क्रिकेटर वेन पार्नेल



**मुंबई (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव ने सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ धमाकेदार शतक जड़कर अपनी क्लास दिखाई। 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यकुमार (102*) ने 51 गेंदों पर अपना दूसरा आईपीएल शतक जड़ा। इस तेजतर्रार बल्लेबाज ने वानखेड़े में प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करते हुए 12 चौके और 6 छक्के लगाए।

मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा (4), ईशान किशन (9) और नमन धीर (0) के विकेट शुरुआत में ही खो दिए। इसके बाद स्कोरबोर्ड पर केवल 31 रन थे। हालांकि, सूर्यकुमार ने अपने 360 डिग्री शॉट-मेकिंग के साथ दबाव को कम किया। उन्होंने डीप एक्स्ट्रा कवर पर विजयी शॉट के साथ अपना शतक पूरा किया। रोहित के बाद वह आईपीएल में दो शतक लगाने वाले मुंबई इंडियंस के दूसरे बल्लेबाज बन गए। इस बीच उन्होंने टी20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में केएल राहुल और रुतुराज गायकवाड़ की बराबरी भी कर ली।

### टी20 में सबसे ज़्यादा शतक लगाने वाले भारतीय

9 - विराट कोहली
8 - रोहित शर्मा
6 - रुतुराज गायकवाड़
6 - केएल राहुल
6 - सूर्यकुमार यादव

क्रिकेट जगत सूर्यकुमार की इस पारी से काफी प्रभावित है, जो टी20 विश्व कप से ठीक पहले सही समय पर आई। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने लिखा, पिछले मैच में सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतक बनाया था और शुरुआत में 15 गेंदों तक वह सचमुच 100 की स्ट्राइक रेट से खेल रहे थे और अंत में 160 रन बनाकर आउट हुए। आज भी उन्होंने जिम्मेदारी से शुरुआत की। प्रतिबद्धता और कौशल।

मोहम्मद कैफ ने भी सूर्या की तारीफ की और कहा कि उन्होंने टी20 विश्व कप से पहले पैट कमिंस की धुनाई करके एक बड़ा बयान दिया है। कैफ ने एक्स पर लिखा, संघर्षरत मुंबई इंडियंस के लिए सूर्या का मैच जीतने वाला शतक उनके चरित्र का परिचय है। विश्व टी20 से पहले कमिंस का सामना करके उन्होंने एक मजबूत बयान दिया है।

आरसीबी के पूर्व तेज गेंदबाज वेन पार्नेल भी सूर्यकुमार की बल्लेबाजी की क्षमता से प्रभावित हैं। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज ने कहा कि सूर्यकुमार टी20 प्रारूप में कितने अच्छे हैं, यह जानने के लिए डीएनए टेस्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा- क्या कभी किसी ने सूर्यकुमार यादव का डीएनए टेस्ट किया है? यह लड़का अलग है, बिल्कुल अलग।

पावरप्ले के अंदर मुंबई के 31 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद सूर्यकुमार और तिलक वर्मा (32 गेंदों पर नाबाद 37) की जोड़ी ने मिलकर 143 रनों की नाबाद साझेदारी करके 22 गेंदें शेष रहते शानदार जीत दर्ज की। सूर्या ने टूर्नामेंट में पहले भी तीन अर्धशतक लगाकर अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई थी, लेकिन वह नियंत्रण में दिखे और एसआरएच के गेंदबाजों की धुनाई करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन को नाबाद शतक में बदल दिया।

# सचिन तेंदुलकर ने नाराज पड़ोसियों को खुश कर दिया, घर में निर्माण कार्य से गुस्सा थे आसपास के लोग





**मुंबई (एजेंसी)।** महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर गलत वजहों से चर्चा में हैं। सचिन के पड़ोसी उनसे नाराज है। पड़ोसियों का आरोप है कि क्रिकेट के भगवान की वजह से उनकी रात की नींद और दिन का चैन खो चुका है। सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर भी की जा चुकी है। दरअसल, दिलीप डिसूजा नाम के एक एक्स यूजर का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में कहा गया है कि सचिन के घर में निर्माण कार्य जारी है। इस दौरान काफी तेज आवाज आ रही थी। पोस्ट में बताया गया कि रात नौ बजे के करीब भी निर्माण कार्य जारी था। इसी बात को लेकर पड़ोसी सचिन तेंदुलकर से नाराज थे।

प्रिय सचिन तेंदुलकर, फिलहाल रात के करीब 9 बज रहे हैं और आपके बांद्रा स्थित घर के बाहर जो सीमेंट मिक्सर पूरे दिन तेज आवाज करता रहा है, अभी भी वहीं है, अभी भी तेज आवाज कर रहा है। कृपया क्या आप अपने घर पर काम करने वाले लोगों से सही वक्त का पालन करने के लिए कह सकते हैं? आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ये वह पोस्ट है जो दिलीप डिसूजा नामक यूजर के एक्स अकाउंट से पोस्ट किया गया।

हालांकि इसके कुछ ही देर बाद दिलीप डिसूजा अकाउंट से पूरे मामले में एक फॉलोअप पोस्ट भी शेयर की गई, जिसमें लिखा था कि उन्हें सचिन तेंदुलकर के ऑफिस से कॉल आया। उस कॉल पर बताया गया कि कोशिश की जाएगी कि कंस्ट्रक्शन वर्क के समय कम से कम आवाज हो।

सोशल मीडिया पर लोग इस पोस्ट के बाद लोग हमेशा की तरह दो गुट में बंट चुके हैं। कुछ लोगों का कहना है कि दिलीप डिसूजा का यह बस एक पब्लिसिटी स्टंट है तो वहीं कुछ लोगों ने सलाह दी कि डिसूजा को सचिन तेंदुलकर को टैग करने के बजाए बीएमसी को टैग करना चाहिए था। यहां बताना जरूरी हो जाता है कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका यानी बीएमसी के नियमों के मुताबिक निर्माण कार्य सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक जारी रखने की अनुमति है।

## टी20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी होंगे ये दो खिलाड़ीः शास्त्री

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने आईसीसी से कहा, 'दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। एक यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा, 'मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिये छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है।उन्होंने कहा, 'तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छठे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी।

# ड्रेसिंग रूम में रोने लगे रोहित शर्मा! आंसुओं से डबडबाई आंखें, चेहरे पर साफ दिखी हताशा

**मुंबई (एजेंसी)।** वानखेड़े स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुंबई इंडियंस की सात विकेट की जीत के बावजूद टी-20 क्रिकेट में



रोहित शर्मा की फॉर्म टेंशन दे रही है। इस सीजन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ शतक जड़ने के बाद से रोहित की खराब फॉर्म जारी है। एक महीने के बाद टी-20 विश्व कप शुरू होने वाला है, ऐसे में भारतीय कप्तान को लेकर चिंताएं लाजिमी है। बीती रात दुनिया के सबसे विस्फोटक ओपनर्स में शुमार रोहित शर्मा पांच गेंद में सिर्फ चार रन पर चलते बने। आउट होने के बाद उन्हें ड्रेसिंग रूम में निराश देखा गया। कैमरा जब उन पर फोकस हुआ तो पूरी दुनिया ने देखा कि रोहित कितने मायूस थे। चेहरे पर निराशा साफ झलक रही थी। आंखें भी नम थीं, जिसे पोछते हुए वह साफ देखे जा सकते थे।

इस साल अचानक मुंबई इंडियंस की कप्तानी से हटाए गए रोहित शर्मा ने सीजन की अपनी पहली सात पारियों में 297 रन बनाए, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 49 रन और सीएसके के खिलाफ घरेलू मैदान पर नाबाद 105 रन शामिल थे। हालांकि, अपने अगले पांच मैच में वह सिर्फ 34 रन ही जोड़ सके हैं, जिसमें चार स्कोर सिंगल डिजिट में हैं। मुंबई में बीती रात रोहित विपक्षी कप्तान पैट कमिंस की एक लैंथ गेंद पर आउट हो गए। वह इसे स्क्वायर के ऊपर से फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन शॉट खेलने में जल्दबाजी की और गेंद आसमान में ऊंची चली गई। विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन ने आराम से इसे पकड़कर रोहित का काम तमाम कर दिया।सोशल मीडिया मुंबई इंडियंस ड्रेसिंग रूम के अंदर रोहित के रोने की तस्वीरों और वीडियो से भरा हुआ है

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च

**● नीले के साथ ऑरेंज कलर का कॉम्बिनेशन, कॉलर पर तिरंगे के रंग**

**एडिडास (एजेंसी)।** एडिडास ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लॉन्च का वीडियो शेयर किया। वीडियो में कप्तान रोहित शर्मा के साथ कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा को भी दिखाया गया। यह वीडियो धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम का है।

एडिडास ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लॉन्च का वीडियो शेयर किया। वीडियो में कप्तान रोहित शर्मा के साथ कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा को भी दिखाया गया। यह वीडियो धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम का है।

अगले महीने वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले टी-20 वर्ल्डकप में टीम इंडिया नई जर्सी में नजर आएगी। टीम की ऑफिशियल किट स्पॉन्सर एडिडास ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए नई जर्सी जारी की। नई डिजाइन की गई जर्सी नीले रंग की है। इसके साथ ऑरेंज कलर का कॉम्बिनेशन है। वहीं, वी-शेप्ड कॉलर पर तिरंगे के रंग हैं।

# आज प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए लखनऊ को हराने उतरेगी सनराइजर्स

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है। अंक तालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स



को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीनुल हक, युवा यश ठाकुर, स्टोइनिस और स्पिनर कृणाल पंड्या तथा रवि बिश्नोई पर दारोमदार होगा।

### संभावित प्लेइंग 11

**सनराइजर्स हैदराबाद** - अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, मार्को जानसन, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, सनवीर सिंह, ट्रैविस हेड, मयंक अग्रवाल, नितीश कुमार रेड्डी

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** - केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, एश्टन टर्नर, आयुष बदोनी, क्रुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, मोहसिन खान, यश ठाकुर, अर्शिन कुलकर्णी, युद्धवीर सिंह, दीपक हुडा, निकोलस पूरन

# बुमराह को आराम देने पर बोले कोच पोलार्ड, अभी आराम देने का कोई इरादा नहीं है

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव (नाबाद 102) ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी।



टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा, 'हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है।

पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, 'वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद को पीटन चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है। लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है क्योंकि आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं।

वहीं सनराइजर्स के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर मैच उनकी जद से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा, 'वह अद्भुत क्रिकेटर है और विश्व कप में भी वह अपनी छाप छोड़ेगा। उसे गेंदबाजी करना काफी कठिन है। उसके जैसा बल्लेबाज मिलना मुश्किल है।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लेकर युवराज ने किया रोहित का समर्थन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर और आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के एमबेस्डर युवराज सिंह ने कप्तान रोहित शर्मा के समर्थन में सामने आए और अमेरिका और वेस्ट इंडीज में खिताब में उनके नेतृत्व करने के लिए समर्थन किया। युवराज ने मौजूदा कप्तान के साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उन्हें एक बेहद प्रतिभाशाली युवा से भारतीय क्रिकेट के अग्रणी सितारों में से एक और आधुनिक समय का महान बल्लेबाज बनते हुए देखा है। युवराज ने कहा कि रोहित का नेतृत्व कौशल और दबाव में शांत रहने की क्षमता उन्हें प्रभावित करेगी। यह आईसीसी आयोजनों में भारत के लंबे समय से चले आ रहे सूखे को समाप्त करने की संभावनाओं की कुंजी होगी।

युवराज ने कहा, रोहित की उपस्थिति बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है। मुझे लगता है कि हमें वास्तव में एक अच्छे कप्तान की जरूरत है, एक समझदार कप्तान जो दबाव में अच्छी तरह से निर्णय लेता है। वह निर्णय लेने वाला व्यक्ति है। जब हम (क्रिकेट विश्व कप) हारे थे तो वह कप्तान थे ) 50 ओवर का फाइनल (2023 में)। उन्होंने एक कप्तान के रूप में पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं। मुझे लगता है कि हमें भारत की कप्तानी के लिए उनके जैसे व्यक्ति की जरूरत है।

## हमें वास्तव में एक अच्छे कप्तान की जरूरत है

आईसीसी आयोजनों में भारत की ट्रॉफी



का सूखा 2011 वनडे विश्व कप के बाद से चला आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी आयोजनों में भारत के लिए यह बहुत करीबी मामला रहा है, पिछले साल के एकदिवसीय विश्व कप में इसका उदाहरण सामने आया। चाहे वह 2022 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार हो, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फाइनल और पिछले साल का 50 ओवर का विश्व कप, भारतीय क्रिकेट को पिछले कुछ वर्षों में विश्व आयोजनों में कई दुखों का सामना करना पड़ा है।

2024 पुरुष टी20 विश्व कप में जाने के लिए, प्रशंसक अंतिम बाधा में हारने के बजाय रोहित और उनके लड़कों पर भरोसा कर रहे हैं कि वे जीत हासिल करेंगे। युवराज और रोहित के बीच का बंधन भारतीय सेटअप में मुंबईकर के शुरुआती दिनों से चला आ रहा है। यह कोई रहस्य नहीं है कि युवी ड्रेसिंग रूम में रोहित के सबसे करीबी दोस्तों में से एक थे और अब भी हैं। जब रोहित ने देश के लिए पदार्पण किया तो युवराज भारतीय टीम के सितारों में से एक थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज का विकेट गिरने के बाद युवा रोहित ने 2007 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिदृश्य में कदम रखा और आयरलैंड के खिलाफ विलो के साथ टीम के लिए अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की।

उनके क्रिकेट संबंध 2019 में पूर्ण रूप से सामने आए जब युवराज ने रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस के साथ अपने अंतिम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन में भाग लिया। इसके बाद युवराज ने जून 2019 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।

### टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

**रिजर्व** - शुबमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद, अवेश खान।